हरिभूमि
# मालवा भूमि फ्रंट पेज
भोपाल, मंगलवार 28 जुलाई 2026

06 सीएमएचओ और डब्ल्यूसीडीओ ने चल रहे दस्तक अभियान की सेवाओं की ...



07 संतों, गो सेवकों और विहिप-बजरंग दल की केंद्रीय गो सेवा मंत्रालय व ...






### एक दिवसीय लगेगा मेला, मंदिर में द्वापरकालीन विशालकाय मूर्ति प्रतिष्ठित है

# अति प्राचीन श्री बल्ड़ावदा हनुमान मंदिर पर गुरू पूर्णिमा पर उमड़ेगी आस्था

हरिभूमि न्यूज ⏭ नलखेड़ा

नगर के प्राचीन पाण्डवकालीन चमत्कारिक श्री बल्डावदा हनुमान मंदिर पर बुधवार को गुरू पुर्णिमा उत्सव बड़ी धुमधाम से मनाया जायेगा। इस अवसर पर एक दिवसीय मेला लगेगा। इसमें नगर सहित अंचलो से हजारो की सख्या में भक्त श्रद्धा के साथ भाग लेकर अंजनीपुत्र के दर्शन कर महाआरती में भाग लेगे। पूर्णिमा पर्व को लेकर हनुमान प्रतिमा को चोला चढ़ाकर विशेष रूप से श्रृंगार कर मंदिर व परिसर को आकर्षक रोशनी से जगमगाया गया है। नगर से पूर्व दिशा की ओर 2 किमी दूर ऊँची पहाड़ी पर स्थित श्री बल्ड़ावदा हनुमान मंदिर है। जहां आषाढ़ सुदी पूर्णिमा अर्थात गुरु पूर्णिमा के दिन बुधवार को एक दिवसीय धार्मिक मेले का आयोजन होगा। गुरु पूर्णिमा को लेकर मंदिर पर साज सज्ज़ा के साथ ही अन्य तैयारियां प्रारम्भ हो चुकी है। गुरु पूर्णिमा के अवसर पर हनुमान जी का चोला चढ़ाकर आकर्षक श्रृंगार किया जाएगा। सुबह से ही दर्शनार्थ भक्तों का तांता लगने लगेगा। रात्रि 8 बजे हनुमान जी की महाआरती होगी।

**पत्थरों के नीचे से निकलते हैं बिच्छु**

इस चमत्कारी स्थल पर जिस उंची पहाडी पर मंदिर स्थित है, गुरू पुर्णिमा के दिन इस पहाड़ी पर पत्थरों के नीचे बिच्छु निकलते है जो किसी को भी नही काटते है। दर्शनार्थ पहुचने वाले भक्त इन बिच्छुओं को जहां आपस में लड़ाते है वहीं माचिस की डिबीयो में बंद कर नगर में भी ले आते है। मंदिर परिसर में अभक्ष्य पदार्थ आदि लेकर प्रवेश वर्जित है।





### राजा नल द्वारा स्थापित है प्रतिमा

बल्ड़ावदा गॉव के नाम से विख्यात मंदिर में द्वापरकालीन विशालकाय मूर्ति प्रतिष्ठित है। प्रसिद्ध पुरातत्ववेत्ताओ जिसमें विष्णु श्रीधर वाकणकर, उज्जैन के अनुसार उस काल में हनुमान जी की प्रतिमाएं इसी आकार व स्वरूप में प्रतिष्ठित की जाती थी। इस मंदिर को लेकर यह भी प्रमाण मिलता है कि जब राजा नल विपत्तियों में थे तो भगवान श्री कृष्ण ने अवन्तिका नगरी से 40 कोस दूर पूर्व दिशा की और लक्ष्मणा नदी के किनारे स्थित मॉ बगलामुखी की आराधना करने का परामर्श दिया था। तब राजा ने अपना मुख्य स्थान श्री बल्ड़ावदा हनुमान मंदिर एवं मॉ बगलामुखी मंदिर के मध्य रखा था। राजा नल तब प्रतिदिन दोनों स्थानों पर साधना करते थे। इसी स्थान पर मेले की परम्परा सेंकड़ो वर्षो से चली आ रही है।भक्तों की मान्यता है कि जो भी मन्नत यहां मांगी जाती है वह अवश्य पूर्ण होती है। वर्षाकाल के दिनों में उक्त स्थान अत्यंत मनोरम दिखाई देता है।

### पहाड़ी के नीचे है खोखलापन

श्री बल्ड़ावदा हनुमान मंदिर जिस पहाड़ी पर स्थित है, उसके बारे में किंवदंती है कि किसी समय प्राकृतिक उथल-पुथल से उक्त खेड़ा (गांव) भूमिलीन हो गया था। नगर के बडे-बुजुर्गों के अनुसार सेकडों वर्ष पूर्व नलखेडा नगर इसी स्थान पर बसा हुआ था। उस समय धूलकोट (भूकम्प) आया होगा, जिसमें सम्पूर्ण नगर दब गया होगा। यह मंदिर किसी उंचे स्थान पर स्थित था। इस लिये मंदिर का उपरी हिस्सा शेष रह गया होगा। जहां आज भी पहाड़ी पर कई स्थानों पर छोटा सा पत्थर फेंकने पर भयंकर गूंजती ध्वनि निकलती है, जो सिद्ध करती है कि पहाड़ी के नीचे खोखलापन है। मंदिर के निर्माण कार्य के दौरान यहां से प्रचीन मुद्राएं भी निकली थी, जो आज भी जिला कोषालय में जमा है। पहाड़ी के नीचे अपार भंडार भी बताया जाता है।

### नहीं कर सकते खुदाई

प्रचलित किंदवंतीयो को ध्यान में रखते हुए कुछ लोगों द्वारा इस स्थान पर खुदाई कर धन निकालने का प्रयास भी किया गया। लेकिन कोई भी यहां पर से धन निकालने के मकसद में सफल नहीं हो पाये। यहां तक कि खुदाई कार्य भी नहीं कर पाये। जिस व्यक्ति द्वारा भी ऐसा प्रयास किया गया, हनुमान जी के चमत्कार से वह व्यक्ति उसके बाद इस लायक भी नहीं रहा कि वह चल-फिर सके। बताया जाता है कि कुछ लोगों की तो खुदाई के दौरान ही अचानक मौत हो गई। इसके बाद किसी के भी द्वारा यहां पर खुदाई का प्रयास नहीं किया गया।

### दीपावली की रात्रि में निकलती थी ज्योत

नगर में ऐसे कई बुजुर्ग मौजूद हैं जिनके अनुसार मंदिर से दीपावली की रात्रि में ज्योत निकलती थी, जो मां बगलामुखी मंदिर एवं नदी में स्थित मां पूतलादेवी के स्थान की परिक्रमा लगाकर वापस मंदिर तक आती थी।

### पर्यटन विभाग नें करवाया कायाकल्प

मध्यप्रदेश पर्यटन विकास निगम द्वारा नलखेड़ा को धार्मिक पर्यटन नगरी घोषित किए जाने के बाद इस स्थान का भी कायाकल्प होकर यहां लाखों रूपये के विकास कार्य करवाए गये हैं। वर्तमान में इस मंदिर की व्यवस्था व देखरेख का कार्य यहां विराजित महामण्डलेश्वर श्री 1008 सन्त रामचन्द्रदास जी महाराज के द्वारा की जा रही है। शासन द्वारा यहाँ पर मांगलिक भवन भी भक्तों के लिये बनाया गया है।

### प्राकृतिक सौंदर्य की छटा बिखेर रही है पहाड़ी

नगर से 2 किमी दूर स्थित इस पौराणिक स्थल पर पर्यटन विभाग द्वारा सौंदर्यीकरण करवाए जाने के बाद यह मंदिर आकर्षक व भव्य हो गया है तथा इस पहाडी पर जन सहयोग व नगर परिषद द्वारा करवाए गये पौधारोपण कार्य के बाद वर्षा काल के मौसम में यह पहाडी स्थल अपनी प्राकृतिक सौंदर्यता की छटा बिखेर रहा है। सायं काल के समय डूबते सूर्य की किरणें जब इस पहाडी पर गिरती है तो यहां का दृश्य मनमोहक होकर अलौकिक दिखाई देता है।

### दे रहे हैं दुर्घटना को आमंत्रण

## पिलवास नाले की पुलिया पर और आसपास हो रहे गड्ढे

हरिभूमि न्यूज ⏭ नलखेड़ा



नलखेड़ा-कानड़ मार्ग पर ग्राम पिलवास में स्थित नाले की पुलिया पर एवं पुलिया के दोनों ओर हो रहे बड़े बड़े गड्ढे किसी बड़ी दुर्घटना को आमंत्रण देते दिखाई दे रहे है। यहाँ छोटी मोटी दुर्घटना होना तो आम हो गया है। जिम्मेदारों को तत्काल इस ओर ध्यान देने की आवश्यकता है। नलखेड़ा-कानड़ मार्ग पर नलखेड़ा के समीप स्थित ग्राम पिलवास के नाले पर निर्मित पुलिया पर बीच मे एक बड़ा गड्ढा हो गया है जोकि वाहन चालकों को अनायास दिखाई नही देता है। जिसके चलते लगभग प्रतिदिन चौपहिया वाहन के पहिये इसमें उतर रहे है साथ ही दोपहिया वाहन चालक दुर्घटनाग्रस्त हो रहे है। इसी पुलिया के दोनों ओर जहां पुलिया समाप्त होती है वहाँ डामर कट कर बड़े बड़े गड्ढे हो गए है। यहाँ भी आये दिन छोटी मोटी दुर्घटना होती रहती है। वर्षाकाल में उक्त गड्ढे और अधिक बड़े हो इससे पूर्व जिम्मेदारों को तत्काल इस ओर ध्यान देकर इन गड्ढो को भरा जाना चाहिए जिससे कि किसी भी बड़ी दुर्घटना की आशंका को समाप्त किया जा सके।

**मां बगलामुखी मंदिर पहुंचने का है मुख्य मार्ग**

नलखेड़ा-कानड़ मार्ग विश्व प्रसिद्ध सिद्धपीठ माँ बगलामुखी मंदिर पहुंचने के लिए इंदौर, देवास, शाजापुर आदि शहरों व इससे जुड़े क्षेत्रो से आने वाले दर्शनार्थियों के लिए मुख्य मार्ग है जिसके चलते इस मार्ग पर आवागमन भी काफी रहता है। प्रशासन को शीघ्र ही इस ओर ध्यान आकृष्ट कर आवश्यक दुरुस्तीकरण का कार्य करवाया जाना चाहिए।

### सावन मास में पशुपतिनाथ मंदिर पहुंच मार्ग पर चिकन-मटन अंडों की दुकानें प्रतिबंधित करने की मांग

**मंदसौर।** सावन मास प्रारंभ होने वाला है। हजारों भक्तों का आवागमन, कांवड़ यात्राएं, शाही सवारी, पालकी यात्रा के आयोजन और भक्तों का सैलाब उमड़ेगा तथा पशुपतिनाथ मंदिर पहुँच मार्ग पर ही कुकुरमुत्तों की तरह अंडों, चिकन-मटन की दुकानों का सरेआम संचालन हो रहा है, जिससे भक्तों की धार्मिक भावनाएँ आहत होती हैं। यह बात एक वक्तव्य में समाजसेवी पार्षद सुनील बंसल ने कही है और प्रशासन व जनप्रतिनिधियों से माँग की है कि उक्त दुकानों को वहाँ प्रतिबंधित करें। श्री बंसल ने कहा कि भगवान पशुपतिनाथ की पवित्र नगरी की पवित्रता को बनाए रखें ताकि भावनाएँ आहत न हों। बंसल ने आगाह किया कि मुख्यमंत्री डॉ. मोहन यादव का भी स्पष्ट आदेश है कि पवित्र धर्मस्थलों के मार्ग पर नॉनवेज, अंडों आदि की दुकानें न हों। प्रशासन को मुख्यमंत्री के आदेशों का अक्षरशः पालन करना चाहिए।

### 'नशे से दूरी है जरूरी' पर जागरूकता कार्यक्रम

## विद्यार्थी देशभक्ति, कर्तव्यनिष्ठा एवं राष्ट्र सेवा की भावना को अपने जीवन में उतारे

हरिभूमि न्यूज ⏭ दलौदा



शासकीय महाविद्यालय दलौदा की राष्ट्रीय सेवा योजना (एनएसएस) इकाई द्वारा शनिवार को महाविद्यालय परिसर में कारगिल विजय दिवस एवं ``नशे से दूरी है जरूरी'' विषय पर जागरूकता कार्यक्रम का आयोजन प्राचार्य डॉ. जे. एल. आर्य के मार्गदर्शन में किया गया। कार्यक्रम का उद्देश्य विद्यार्थियों में राष्ट्रभक्ति, भारतीय सेना के प्रति सम्मान तथा नशामुक्त जीवन के प्रति जागरूकता का संदेश देना था। कार्यक्रम के मुख्य वक्ता डॉ. रजाक मेवा फ़रोश ने कारगिल युद्ध के ऐतिहासिक महत्व पर प्रकाश डालते हुए बताया कि वर्ष 1999 में भारतीय सेना ने अदम्य साहस, वीरता, अनुशासन एवं उत्कृष्ट रणनीति के बल पर दुर्गम पर्वतीय क्षेत्रों में दुश्मनों को परास्त कर विजय प्राप्त की। उन्होंने कारगिल के वीर शहीदों के बलिदान को स्मरण करते हुए विद्यार्थियों से देशभक्ति, कर्तव्यनिष्ठा एवं राष्ट्र सेवा की भावना को अपने जीवन में अपनाने का आह्वान किया।

प्रो. रत्नेश बैरागी ने अपने उद्बोधन में महाभारत काल के युद्ध, भारतीय संस्कृति तथा धर्म, नैतिकता एवं कर्तव्य की परंपरा पर विस्तार से प्रकाश डाला। उन्होंने कहा कि भारतीय संस्कृति सदैव सत्य, साहस, अनुशासन और राष्ट्रहित की प्रेरणा देती है तथा युवाओं को अपने सांस्कृतिक मूल्यों से जुड़कर समाज और राष्ट्र निर्माण में योगदान देना चाहिए। प्राचार्य डॉ. जे. एल. आर्य ने ``नशे से दूरी है जरूरी'' विषय पर विद्यार्थियों को संबोधित करते हुए कहा कि नशा व्यक्ति के स्वास्थ्य, परिवार, शिक्षा और समाज के लिए अत्यंत हानिकारक है। उन्होंने विद्यार्थियों से नशे से दूर रहने तथा स्वस्थ एवं सकारात्मक जीवनशैली अपनाने का संकल्प लेने का आग्रह किया। प्रो सूरज सिंह राठौर ने भी विद्यार्थियों को नशे के दुष्प्रभावों से अवगत कराते हुए कहा कि युवा वर्ग यदि नशे से दूर रहेगा तो वह अपने लक्ष्य को आसानी से प्राप्त कर सकेगा तथा राष्ट्र के विकास में महत्वपूर्ण भूमिका निभाएगा। इस अवसर पर महाविद्यालय के समस्त विद्यार्थियों के साथ साथ महाविद्यालय के डॉ माला हकवाडिया, प्रो तोसिफ नागोरी एवं अन्य सभी प्राध्यापक उपस्थति रहे।

## एनएसयूआई ने पौधारोपण कर दिया पर्यावरण संरक्षण का संदेश

**मंदसौर।** भारतीय राष्ट्रीय छात्र संगठन (एनएसयूआई) के जिलाध्यक्ष मंथन धनोतिया के नेतृत्व में राजीव गांधी शासकीय प्रधानमंत्री कॉलेज ऑफ़ एक्सीलेंस में गरिमामय माहौल में वृक्षारोपण कार्यक्रम का आयोजन किया गया। इस अवसर पर कांग्रेस जन, एनएसयूआई कार्यकर्ताओं और युवाओं ने महाविद्यालय परिसर में छायादार एवं फलदार पौधे रोपकर प्रकृति व पर्यावरण संरक्षण का संकल्प लिया। कार्यक्रम में उपस्थित वरिष्ठ नेताओं और युवाओं ने एक-दूसरे को पौधे भेंट कर हरी-भरी धरती का संदेश दिया। कार्यक्रम को संबोधित करते हुए जिला कांग्रेस अध्यक्ष महेंद्र सिंह गुर्जर ने कहा कि पौधे लगाना केवल एक औपचारिकता नहीं, बल्कि हमारी आने वाली पीढ़ियों के सुरक्षित और हरित भविष्य की नींव है। युवा कार्यकर्ताओं को अपने जीवन के हर विशेष अवसर को प्रकृति की सेवा और इस प्रकार के रचनात्मक कार्यों से जोड़कर मनाना चाहिए। समारोह में विधायक विपिन जैन ने युवाओं का उत्साहवर्धन करते हुए कहा कि एनएसयूआई हमेशा से सामाजिक सरोकारों और छात्र हित के मुद्दों पर आगे रही है, और आज का यह प्रयास बेहद सराहनीय है। पर्यावरण संतुलन बनाए रखने के लिए हम सभी को नियमित रूप से वृक्षारोपण करने के साथ-साथ इन पौधों की देखरेख की जिम्मेदारी भी उठानी होगी। एनएसयूआई जिलाध्यक्ष मंथन धनोतिया ने सभी का आभार व्यक्त करते हुए कहा कि साथियों और वरिष्ठों के साथ मिलकर पौधे रोपना मेरे लिए सबसे यादगार और सुखद अनुभव है। मैं संकल्प लेता हूं कि हमारा संगठन केवल पौधे लगाने तक सीमित नहीं रहेगा, बल्कि उनके विशाल वृक्ष बनने तक निरंतर उनकी देखभाल भी करेगा। इस अवसर पर संगठन महासचिव अजय लोढ़ा, ब्लॉक अध्यक्ष इष्टा भाचावत, विकास दशोरा, जिला उपाध्यक्ष सुनील बसेर, प्रदेश सचिव सोमिल नाहटा, नेता प्रतिपक्ष रफत पायामी, आदित्य पाटिल, राखी सत्रावला, नम्रता सत्रावाला, सुभाष जैन, अकरम खान, कुसुम विश्वकर्मा, विश्वास दुबे, यश श्रीवास्तव, रोहित मालवीय, कृष्णपाल सिंह, हरीश पाटीदार, हरपाल सिंह, रुद्रप्रताप सिंह, पीयूष पोरवाल, निर्मल मालवीय, चेतन डांगी, ओमप्रकाश ररोटिया, ईश्वर गुर्जर, श्रीपाल सिंह, हिमांशु जैन, हर्षित व्यास एवं पार्थ भटनागर सहित बड़ी संख्या में कांग्रेस व एनएसयूआई पदाधिकारी तथा कार्यकर्ता उपस्थित थे।

## नवागत कलेक्टर डॉ. शेर सिंह मीना ने आगर में पदभार संभाला

**नलखेड़ा।** नवागत कलेक्टर डॉ. शेर सिंह मीना ने जिला कलेक्टर कार्यालय आगर मालवा में जिले के कलेक्टर एवं जिला दण्डाधिकारी का पदभार सोमवार को ग्रहण कर लिया है। आगर से स्थानांतरित कलेक्टर, प्रीति यादव ने उन्हें पदभार सौंपा। कलेक्टर कार्यालय पहुंचते ही आगर से स्थानांतरित कलेक्टर, प्रीति यादव, एडीएम डॉ शालिनी श्रीवास्तव, जिला पंचायत सीईओ बी.एस सोलंकी, एसडीएम मिलिंद ढ़ोके, जिला कोषालय अधिकारी मनीष सोलंकी ने नवागत कलेक्टर डॉ मीना का पुष्पगुच्छ भेंटकर स्वागत किया। कलेक्टर यादव ने नवागत कलेक्टर डॉ. मीना का उपस्थित जिला अधिकारियों से परिचय करवाया। इस मौके पर डिप्टी कलेक्टर कमल मंडलोई, सहायक संचालक जनसंपर्क जगदीश चंद्र मालवीय, डिप्टी कलेक्टर सुश्री अर्पिता राय व अन्य जिलाधिकारी उपस्थित थे। उल्लेखनीय है की मध्य प्रदेश शासन द्वारा आगर की कलेक्टर श्रीमती यादव का स्थानांतरण औद्योगिक विकास निगम इंदौर कर दिया गया है, नवागत कलेक्टर डॉ. शेरसिंह मीना, नगर पालिका निगम आयुक्त सतना से स्थानांतरित होकर जिला कलेक्टर आगर पदस्थ किये गये है। डॉ. मीना 2017 बैंच के आईएएस अधिकारी हैं।





### नशे से दूरी है जरूरी अभियान के तहत किया आयोजन

## नशा मुक्ति जागरूकता शिविर का हुआ आयोजन

हरिभूमि न्यूज ⏭ मन्दसौर




पुलिस पेंशनर्स संघ मध्य प्रदेश के तत्वावधान में 27 जुलाई 2026 को नगर के हृदय स्थल गांधी चौराहा पर श्री बघेल साहब, अतिरिक्त पुलिस अधीक्षक जिला मंदसौर के मुख्य आतिथ्य में एवं पुलिस पेंशनर्स संघ मध्य प्रदेश के प्रांतीय अध्यक्ष एम.पी. सिंह परिहार की अध्यक्षता में नगर के सामाजिक संगठनों-दशपुर जागृति संगठन, ब्रह्म परिषद, नगर गरबा समिति, जिला धार्मिक उत्सव समिति, राजपूत सिंह सभा आदि की सहभागिता से ``नशे से दूरी है जरूरी'' अभियान के तहत नशे से होने वाले दुष्परिणामों के संबंध में गीत के माध्यम से व स्लोगन लिखे पंपलेट बाँटकर जनता को जागरूक किया गया। इन पंपलेटों में ''नशा सुबह करोगे शाम को उतर जाएगा, नशा राम के नाम का करोगे जीवन सुधर जाएगा'' एवं ''नशा नस-नस की जड़ है, इससे जीवन होता पतझड़ है। बीड़ी पीकर खाँस रहा है, मौत के आगे नाच रहा है'' आदि स्लोगन के माध्यम से जनता को नशे के दुष्परिणामों के संबंध में अवगत कराया गया। प्रांतीय अध्यक्ष एम.पी. सिंह परिहार के द्वारा लिखा हुआ गीत ''नशा न करना मान लो कहना प्यारे भाई-बहन, होगी बड़ी खराबी, होगी बड़ी खराबी'' गाकर भी लोगों को आगाह किया गया। कार्यक्रम में वरिष्ठ पत्रकार घनश्याम बटवाल, ब्रजेश जोशी, सामाजिक संगठनों के हरिशंकर शर्मा, राजाराम तंवर, अजीजुल्ला खान, बी.एस. सिसोदिया, श्री विश्नोई, , दशपुर जागृति संगठन के अध्यक्ष देवेंद्र पुराणिक, सुनील बंसल, बंसीलाल टांक, पुलिस पेंशनर्स संघ मध्य प्रदेश के प्रांतीय सचिव रामरतन दुबे, प्रांतीय संयुक्त सचिव श्रवण कुमार मिश्रा, जिला मंदसौर के अध्यक्ष शंभू सिंह चुंडावत, कार्यवाहक जिला अध्यक्ष ब्रजेश दुबे, उपाध्यक्ष पुष्पा राठौड़, वरिष्ठ उपाध्यक्ष रहीम बैग, इकबाल बैग, लायक खान, शारदानंद पांडे, आर.सी. मालवीय, राधेश्याम परमार, के. सिसोदिया, रतन सिंह सिसोदिया, भारत सिंह सिसोदिया, दशपुर जागृति संगठन के संयोजक सत्येंद्र सिंह सो आदि तमाम गणमान्य नागरिकगण एवं सामाजिक कार्यकर्ता उपस्थित रहे। सभी के द्वारा नशे को जड़-मूल से खत्म करने के लिए शपथ ली गई। कार्यक्रम के अंत में आभार पुलिस पेंशनर्स संघ मंदसौर के जिला अध्यक्ष शंभू सिंह चुंडावत ने माना। पुलिस पेंशनर्स संघ मध्य प्रदेश के द्वारा आज यह अभियान पूरे मध्य प्रदेश में जिला नीमच, मंदसौर, रतलाम, इंदौर, देवास, धार, झाबुआ, खंडवा, खरगोन, शाजापुर, आगर, राजगढ़, बालाघाट, सिवनी, मंडला, टीकमगढ़, निवाड़ी, दमोह, छतरपुर, दतिया, भिंड, मुरैना, ग्वालियर, गुना, शिवपुरी, पन्ना और सागर जिलों में एक साथ चलाया गया।

## महावीर इंटरनेशनल मंदसौर केंद्र द्वारा हरियाली उत्सव समारोह मनाया गया



हरिभूमि न्यूज ⏭ मंदसौर

महावीर इंटरनेशनल मंदसौर केंद्र द्वारा जैन शिक्षा महाविद्यालय परिसर में हरियाली के रंग, अपनों के संग थीम पर हरियाली उत्सव एवं परिवार मिलन समारोह उत्साह एवं आत्मीयता के साथ आयोजित किया गया। कार्यक्रम का शुभारंभ आओ पेड़ लगाएँ, हरियाली बढ़ाएं अभियान के अंतर्गत पौधारोपण से हुआ। इस अवसर पर बड़ेसाथ ओसवाल जैन समाज के नवनिर्वाचित अध्यक्ष गुणवान सिंह कोठारी, महामंत्री सीए आयुष जैन, मंत्री संजय चौधरी एवं अनिल वाफना, सह-कोषाध्यक्ष दिनेश जैन धूंधड़का तथा सलाहकार मंडल में मनोनीत राकेश जैन का सम्मान कर उन्हें शुभकामनाएँ दी गईं। साथ ही समाज की कार्यकारिणी एवं सलाहकार मंडल में चयनित महावीर इंटरनेशनल मंदसौर केंद्र के सदस्यों का भी अभिनंदन किया गया। कार्यक्रम में हाल ही में महावीर इंटरनेशनल परिवार से जुड़े नवीन सदस्यों का आत्मीय स्वागत किया गया तथा उन्हें संस्था की सेवा गतिविधियों में सक्रिय सहभागिता के लिए प्रेरित किया गया। अध्यक्ष अरविंद कुदार ने अपने उद्बोधन में बड़ेसाथ ओसवाल जैन समाज की नवगठित कार्यकारिणी एवं सलाहकार मंडल को शुभकामनाएं देते हुए विश्वास व्यक्त किया कि उनके नेतृत्व में समाज एवं सेवा कार्यों को नई दिशा मिलेगी। उन्होंने संस्था के आगामी नाकोड़ा जीझजीरावला तीर्थ यात्रा कार्यक्रम की घोषणा भी की, जिसका उपस्थित सदस्यों ने उत्साहपूर्वक स्वागत किया।

कार्यक्रम का संचालन संस्था के सचिव ऋषभ फाफरिया ने किया। अंत में पूर्व अध्यक्ष वीर राकेश चौधरी ने सभी अतिथियों, सदस्यों एवं सहयोगियों का आभार व्यक्त किया। समारोह में हाई-टी, मनोरंजक खेल, आकर्षक पुरस्कार एवं स्नेहभोज का आयोजन किया गया, जिसमें सभी सदस्यों एवं परिवारजनों ने उत्साहपूर्वक सहभागिता कर पारिवारिक एकता, सौहार्द एवं सेवा भावना का परिचय दिया।

## खबर संक्षेप

### जुआ खेलते 4 आरोपी गिरफ्तार, मशरूका जब्त

**बागली।** ऑपरेशन प्रहार के तहत वरिष्ठ अधिकारियों के निर्देशन में कमलापुर पुलिस ने जुआ खेलने वालों के खिलाफ कार्रवाई करते हुए चार आरोपियों को गिरफ्तार किया है। पुलिस टीम ने मुखबिर की सूचना पर थलघेवरिया गांव के पास एक टापरी पर दबिश दी, जहां चार लोग ताश के पत्तों पर रुपये-पैसों की हार-जीत का जुआ खेलते मिले। पुलिस ने मौके से 890 नकद, 52 ताश के पत्ते, 4 मोबाइल फोन और 2 मोटरसाइकिल जब्त किए। जब्त मशरूका की कुल कीमत 1,20,890 बताई गई है। आरोपियों के विरुद्ध जुआ एक्ट की धारा 13 के तहत प्रकरण दर्ज कर विवेचना शुरू कर दी गई है। साथ ही चारों के विरुद्ध धारा 170 बीएनएसएस के तहत पृथक से प्रतिबंधात्मक कार्रवाई भी की गई। गिरफ्तार आरोपियों में सारिक पिता सिद्दीक कमलापुर, समीर पिता शहीद खान, साहिल पिता मुन्ना खान तथा मुआज पिता मोहम्मद खान शामिल हैं। इस कार्रवाई में थाना प्रभारी उपनिरीक्षक सर्जन सिंह मीणा, प्रधान आरक्षक सत्यप्रकाश मिश्रा, रायचंद, राजेंद्र शर्मा, आरक्षक अरुण वर्मा तथा सैनिक रविंद्र मालवीय की सराहनीय भूमिका रही।

### बरखेड़ा कोतापाई में स्वास्थ्य एवं पोषण सेवाओं का संयुक्त निरीक्षण

# सीएमएचओ और डब्ल्यूसीडीओ ने चल रहे दस्तक अभियान की सेवाओं की समीक्षा की

### सीएमएचओ और डब्ल्यूसीडीओ ने ग्राम स्वास्थ्य एवं पोषण दिवस तथा दस्तक अभियान की सेवाओं की समीक्षा की

हरिभूमि न्यूज ⏭ देवास



राज्य शासन के निर्देशानुसार एवं कलेक्टर ऋतुराज सिंह के मार्गदर्शन में सोमवार को मुख्य चिकित्सा एवं स्वास्थ्य अधिकारी डॉ. सरोजिनी जेम्स बेक तथा महिला एवं बाल विकास विभाग के कार्यक्रम अधिकारी साबिर अहमद सिद्दीकी ने विकासखंड बरोठा के ग्राम बरखेड़ा कोतापाई का संयुक्त निरीक्षण किया। इस दौरान विशेष ग्राम स्वास्थ्य एवं पोषण दिवस का अवलोकन कर स्वास्थ्य एवं पोषण सेवाओं की समीक्षा की गई।

निरीक्षण के बाद अधिकारियों ने नवजात शिशु एवं माताओं की गृह आधारित देखभाल (एचबीपीएनसी) की स्थिति का भी जायजा लिया। उन्होंने प्रसूता आरती, पति रोहित के घर पहुंचकर मां और नवजात शिशु की देखभाल संबंधी व्यवस्थाओं की जानकारी ली। बताया गया कि शिशु का जन्म 19 जुलाई को जिला चिकित्सालय देवास में सीजेरियन ऑपरेशन से हुआ था। आशा एवं आंगनबाड़ी कार्यकर्ताओं द्वारा नियमित रूप से शिशु का वजन, तापमान, खतरे के लक्षण, स्तनपान, हाथों की स्वच्छता तथा अन्य आवश्यक स्वास्थ्य संबंधी जानकारी उपलब्ध कराई जा रही है। अधिकारियों ने संबंधित कार्यकर्ताओं से सेवाओं की जानकारी लेकर आवश्यक दिशा-निर्देश दिए। साथ ही गांव में संचालित दस्तक अभियान के अंतर्गत दी जा रही स्वास्थ्य सेवाओं की भी समीक्षा की। निरीक्षण के दौरान जिला टीकाकरण अधिकारी डॉ. सुनील तिवारी, डीसीएम ओमप्रकाश मालवीय, आशा कार्यकर्ता प्रकाश बाई तथा आंगनबाड़ी कार्यकर्ता कैलाश बाई उपस्थित रहीं। सीएमएचओ डॉ. सरोजिनी जेम्स बेक ने कहा कि राज्य शासन के निर्देशों एवं कलेक्टर के मार्गदर्शन में मातृ एवं शिशु स्वास्थ्य सेवाओं को और अधिक सुदृढ़ बनाने के उद्देश्य से ऐसे संयुक्त निरीक्षण आगे भी नियमित रूप से किए जाते रहेंगे।

# ऑपरेशन सायबर: बैंक खाते में राशि कराई गई वापस

### फ्रॉड होने के 06 दिवस के भीतर आई राशि

हरिभूमि न्यूज ⏭ देवास

सायबर फ्रॉड की तत्काल सूचना देने हेतु "डायल-112" और "डायल-1930" के प्रयोग हेतु जनता को किया जा रहा "पुलिस चौपाल" के द्वारा जागरूक, फ्रॉड की सूचना प्राप्त होते ही तत्काल एक्शन में आयेगा सायबर-तंत्र, फ्रॉड गई राशि को होल्ड करवाकर न्यायालय से राशि पुनःआवेदक के खाते में लौटाने तक पुलिस करेगी सतत मॉनिटरिंग।

पुलिस अधीक्षक पुनीत गेहलोद द्वारा 360-पुलिसिंग के अन्तर्गत ज़िलेवासियों को सायबर फ्रॉड से राहत प्रदान करने हेतु "ऑपरेशन सायबर" प्रारंभ किया है। इस अभियान के अंतर्गत सर्वप्रथम ज़िला स्तरीय सायबर सेल के माध्यम से प्रत्येक थाना पर पदस्थ दो-दो पुलिसकर्मियों को "सायबर-मित्र" के रूप में चिह्नित कर उन्हें सायबर फ्रॉड संबंधी मामलों में त्वरित कार्यवाही हेतु प्रशिक्षित किया गया है।

प्रत्येक थाना स्तर पर प्रतिदिन "पुलिस चौपाल" आयोजित कर पुलिस गाँव-मोहल्ला-क़स्बा-वॉर्ड में जनता को सायबर फ्रॉड से बचने के उपाय और सायबर फ्रॉड होने पर तत्काल 1930 या 112 नंबर पर अपनी शिकायत दर्ज कराने हेतु प्रेरित कर रही है।

इसी अनुक्रम में दिनांक 19 जुलाई 2026 को आवेदक भरत निवासी औद्योगिक क्षेत्र ने सायबर फ्रॉड के ज़रिए 50,000/- रुपये ठगे जाने की शिकायत दर्ज कराई थी। जिस पर त्वरित कार्यवाही करते हुवे ज़िला सायबर सेल देवास द्वारा एनसीआरपी पोर्टल पर शिकायत दर्ज की गई और सतत मॉनिटरिंग की गई।

जिसके माध्यम से दिनांक 27.07.2026 को आवेदक के बैंक खाते में संपूर्ण राशि 50,000/- की राशि वापस कराई गई। एसपी गेहलोद ने बताया कि जहां एक तरफ़ साइबर फ्रॉड से बचने हेतु अनजान कॉलर को कोई भी निजी जानकारी शेयर ना करना ही सर्वोत्तम उपाय है, वहीं दूसरी तरफ़ साइबर फ्रॉड होने पर तत्काल साइबर हेल्पलाइन नंबर 1930 या डायल 112 पर कॉल कर शिकायत दर्ज कराने की अपील भी देवास जिलेवासियों से की है।

# बिजली कटौती से नाराज युवाओं ने सौंपा ज्ञापन

हरिभूमि न्यूज ⏭ चापड़ा




क्षेत्र में लगातार हो रही अघोषित बिजली कटौती से परेशान युवाओं ने सोमवार को बागली एसडीएम शिवम यादव को ज्ञापन सौंपकर समस्या के शीघ्र समाधान की मांग की। युवाओं का आरोप है कि विद्युत मंडल मेंटेनेंस के नाम पर दिन-रात बिजली आपूर्ति बाधित कर रहा है, जिससे ग्रामीण क्षेत्रों के लोग भारी परेशानी का सामना कर रहे हैं। ज्ञापन देने वालों में हर्ष जाट, रोहित वैष्णव, अर्पित राठौर और रवि पाटीदार ने बताया कि पिछले कई दिनों से बिना पूर्व सूचना के बिजली कटौती की जा रही है। उन्होंने कहा कि विद्युत मंडल उपभोक्ताओं से समय पर बिल वसूलता है, लेकिन नियमानुसार बिजली आपूर्ति नहीं की जा रही।

उनका आरोप है कि शहरी क्षेत्रों में बिजली कटौती बहुत कम होती है, जबकि ग्रामीण क्षेत्रों में दिन और रात दोनों समय घंटों बिजली बंद रखी जाती है। युवाओं ने एसडीएम के साथ ही विद्युत मंडल के अधिकारियों को भी ज्ञापन सौंपकर नियमित एवं निर्बाध बिजली आपूर्ति सुनिश्चित करने की मांग की। इस पर एसडीएम शिवम यादव ने संबंधित विभाग से चर्चा कर जल्द से जल्द बिजली की समस्या के समाधान का आश्वासन दिया।

# चंद्रकेश्वर महादेव में भारतीय किसान संघ का दो दिवसीय जिला अभ्यास वर्ग संपन्न, ग्राम संगठन और जैविक खेती पर हुआ मंथन

हरिभूमि न्यूज ⏭ बागली



भारतीय किसान संघ मालवा प्रांत के अंतर्गत जिला देवास का दो दिवसीय कार्यकर्ता अभ्यास वर्ग तहसील बागली स्थित प्रसिद्ध तीर्थस्थल चंद्रकेश्वर महादेव परिसर में सफलतापूर्वक संपन्न हुआ। प्राकृतिक एवं आध्यात्मिक वातावरण में आयोजित इस अभ्यास वर्ग के दूसरे दिन की शुरुआत कार्यकर्ताओं ने सामूहिक योग एवं प्राणायाम से की। प्रथम सत्र को मालवा प्रांत के पूर्व अध्यक्ष रामप्रसाद सूर्या ने संबोधित करते हुए ग्राम समिति को संगठन की रीढ़ बताया। उन्होंने कहा कि प्रत्येक ग्राम समिति नियमित बैठकें आयोजित करे तथा वृक्षारोपण, स्वच्छता, जैविक खेती और सामाजिक गतिविधियों के माध्यम से गांवों के समग्र विकास में योगदान दे। उन्होंने ग्राम स्तर पर सदस्यता अभियान को गति देने पर भी जोर दिया। द्वितीय सत्र में प्रांतीय मंत्री महेश ठाकुर ने संगठन के विभिन्न आयामों पर विस्तार से प्रकाश डाला। उन्होंने प्राकृतिक (जैविक) कृषि तथा महिला आयाम को मजबूत बनाने की आवश्यकता बताते हुए कहा कि रासायनिक खेती से मुक्ति और स्वावलंबी गांवों का निर्माण भारतीय किसान संघ की प्राथमिकता है। समापन सत्र में मुख्य वक्ता प्रांतीय कोषाध्यक्ष शांतिलाल शर्मा ने संगठनात्मक प्रामाणिकता, आर्थिक शुचिता एवं पारदर्शिता का महत्व बताया। उन्होंने कार्यकर्ताओं का आह्वान किया कि चंद्रकेश्वर महादेव की इस पवित्र भूमि से प्राप्त प्रशिक्षण को गांव-गांव तक पहुंचाकर किसान हित में सक्रिय भूमिका निभाएं। उन्होंने बताया कि भारतीय किसान संघ जिला देवास ने इस वर्ष एक लाख सदस्य बनाने का लक्ष्य निर्धारित किया है। अभ्यास वर्ग में प्रांतीय सह मंत्री बहादुर सिंह दरबार, प्रांत प्रचार-प्रसार प्रमुख गोवर्धनलाल पाटीदार, जिला अध्यक्ष हुकमचंद पटेल सहित जिले के वरिष्ठ पदाधिकारी एवं बड़ी संख्या में कार्यकर्ता उपस्थित रहे। कार्यक्रम का संचालन जिला प्रचार-प्रसार प्रमुख राकेश जाट ने किया, जबकि आभार प्रदर्शन जिला मंत्री शेखर पटेल ने किया।

### भौरासा में पंच दिवसीय संगीतमय श्रीमद्भागवत कथा में उमड़ रही श्रद्धालुओं की भीड़



**भौरासा।** नगर के छोटे हनुमान चौक स्थित पंडरीनाथ मंदिर परिसर में पंच दिवसीय संगीतमय श्रीमद्भागवत कथा का आयोजन (देवशयनी ग्यारस) से प्रारंभ होकर 29 जुलाई तक किया जा रहा है। प्रतिदिन रात्रि 8:00 बजे से 10:00 बजे तक आयोजित हो रही कथा में बड़ी संख्या में श्रद्धालु शामिल होकर धर्मलाभ प्राप्त कर रहे हैं।कथा का वाचन नगर के ही सुप्रसिद्ध कथा प्रवक्ता अंश किशोर प्रभुजी के श्रीमुख से किया जा रहा है। कथा के दूसरे दिन नगरवासियों ने अंश किशोर प्रभुजी का पुष्पमालाओं एवं दुपट्टा पहनाकर आत्मीय स्वागत किया।इस अवसर पर पार्षद भादर सिंह भाटिया, प्रेस क्लब अध्यक्ष मनोज शुक्ला, पत्रकार अभय नागर, सुरेश राठौर, रमेश ठाकुर, राहुल बंड, अरविंद चौधरी, कमल पाटीदार सहित अनेक गणमान्य नागरिक उपस्थित रहे। श्रीमद्भागवत कथा का आयोजन नगर के बंड परिवार द्वारा कराया जा रहा है।

### 20वीं साइकिल यात्रा वैष्णोदेवी धाम के लिए 29 को होगी रवाना

**देवास।** बी.आर.के. संस्था द्वारा प्रतिवर्ष आयोजित की जाने वाली साइकिल यात्रा के क्रम में इस वर्ष 20वीं साइकिल यात्रा 29 जुलाई को माँ वैष्णोदेवी धाम मंदिर, महाकाल कॉलोनी से वैष्णोदेवी कटरा के लिए रवाना होगी। संस्था अध्यक्ष एवं यात्रा संयोजक दीपक पाटनकर ने बताया कि यात्रा का नेतृत्व लोकेश विजयवर्गीय करेंगे। यात्रा के शुभारंभ अवसर पर मुख्य अतिथि के रूप में विधायक गायत्री राजे पवार, बैंक नोट प्रेस सुरक्षा अधिकारी कैप्टन रावत एवं भारतीय मजदूर संघ के जिलाध्यक्ष धनंजय गायकवाड़, जिलामंत्री महेन्द्र सिंह परिहार, एलएन मारू, ओम प्रकाश रघुवंशी सहित अनेक जनप्रतिनिधि, सामाजिक कार्यकर्ता एवं गणमान्य नागरिक उपस्थित रहेंगे। यात्रा केवल धार्मिक आस्था का प्रतीक नहीं होगी, बल्कि विभिन्न सामाजिक एवं जनजागरूकता संदेशों को भी जन-जन तक पहुँचाएगी।

# जांच कार्रवाई कर 16 बसों से वसूला शमन शुल्क

हरिभूमि न्यूज ⏭ देवास




कलेक्टर ऋतुराज सिंह के निर्देशानुसार जिले में परिवहन विभाग द्वारा स्कूल बसों के विरूद्ध विशेष चैकिंग अभियान चलाया जा रहा है। इसी कड़ी में परिवहन विभाग के दल ने देवास शहर में संचालित स्कूलों में संचालित स्कूल बसों की जाँच की गई। जिसमें बीसीएम स्कूल, किण्डर स्कूल, यूनानी कॉलेज, चैतन्य टेक्नो सहित अन्य स्कूलों में जाकर वाहनों का निरीक्षण किया गया। चैकिंग के दौरान शैक्षणिक संस्थानों में संचालित वाहनों में सुप्रीम कोर्ट की गाईड लाईन के अनुरूप मापदण्ड पूर्ण है अथवा नहीं इस संबंध में विशेष चैकिंग की गई। स्कूल बसों में पीयूसी की भी जॉच की गई जिनमें कमियाँ पाई जाने पर 16 चालानी कार्रवाई कर 15 हजार रूपए का शमन शुल्क वसूल किया गया। जिला परिवहन अधिकारी द्वारा समस्त स्कूल बस संचालकों तथा यात्री बस संचालकों से अपील की है कि वे अपनी-अपनी वाहनों का संचालन समस्त वैधानिक दस्तावेज पूर्ण होने तथा मोटरयान कर जमा कराये जाने पर मार्ग पर संचालित करें। स्कूली बसों में माननीय सुप्रीम कोर्ट की गाईड लाईन के अनुरूप समस्त मापदण्ड पूर्ण करवाकर ही संचालित कराई जाए।

# किसानों की आवाज बने विधायक भंवरा, फसल बीमा से वंचित गांवों की मांगी जानकारी

हरिभूमि न्यूज ⏭ कांटाफोड़



बागली विधानसभा क्षेत्र के विधायक मुरली भंवरा ने प्रधानमंत्री फसल बीमा योजना के तहत बीमा राशि से वंचित या अपेक्षा से बेहद कम बीमा राशि प्राप्त करने वाले किसानों के हित में महत्वपूर्ण पहल की है। उन्होंने विधानसभा क्षेत्र के सभी किसानों से अपील की है कि जिन गांवों में अब तक फसल बीमा की राशि प्राप्त नहीं हुई है अथवा बहुत कम राशि मिली है, वे ऐसे गांवों की पूरी जानकारी उन्हें व्हाट्सएप के माध्यम से उपलब्ध कराएं। विधायक ने कहा कि किसानों के हितों की रक्षा करना और उनकी समस्याओं का समाधान कराना उनकी सर्वोच्च प्राथमिकता है। उन्होंने भरोसा दिलाया कि प्राप्त जानकारी के आधार पर संबंधित विभाग एवं शासन स्तर पर प्रभावी ढंग से मामला उठाया जाएगा, ताकि पात्र किसानों को प्रधानमंत्री फसल बीमा योजना का पूरा लाभ मिल सके। उन्होंने कहा कि कई स्थानों से किसानों द्वारा बीमा राशि नहीं मिलने या अत्यंत कम राशि मिलने की शिकायतें सामने आई हैं। ऐसे मामलों की तथ्यात्मक जानकारी एकत्रित कर शासन के समक्ष मजबूती से रखा जाएगा, जिससे किसी भी पात्र किसान को उसके अधिकार से वंचित न होना पड़े। विधायक ने क्षेत्र के किसानों से आग्रह किया कि वे बिना किसी संकोच के अपने गांव की स्थिति, बीमा भुगतान से संबंधित जानकारी एवं आवश्यक दस्तावेज व्हाट्सएप के माध्यम से भेजें, ताकि प्रत्येक शिकायत का गंभीरता से परीक्षण कराया जा सके। उन्होंने विश्वास व्यक्त किया कि किसानों के सहयोग और प्रशासनिक समन्वय से फसल बीमा योजना का लाभ वास्तविक पात्र किसानों तक पहुंचाने में सफलता मिलेगी तथा जिन किसानों को अब तक न्याय नहीं मिल पाया है, उन्हें उनका अधिकार दिलाने के लिए हरसंभव प्रयास किए जाएंगे।

### जिझौतिया ब्राह्मण समाज के मिलन समारोह में हुआ नई पत्रिका का विमोचन

# तीज, सामूहिक विवाह समिति सहित अन्य प्रतिभाओं का सम्मान





हरिभूमि न्यूज ⏭ देवास

श्री जिझौतिया ब्राह्मण समाज देवास महाल के तत्वावधान में आगामी तीज व्रत उद्यापन एवं सामूहिक विवाह समारोह के सफल आयोजन के लिए गठित कार्यक्रम क्रियान्वयन समिति के सम्मान में अभिनंदन एवं मिलन समारोह आयोजित किया गया। कार्यक्रम में समाज के वरिष्ठजनों, पदाधिकारियों एवं समाजजनों ने उत्साहपूर्वक भाग लिया। जिझौतिया ब्राह्मण समाज के मीडिया प्रभारी गजेन्द्र तिवारी एवं सोशल मीडिया प्रभारी कमलेश शर्मा ने बताया कि बैठक का शुभारंभ भगवान श्री परशुराम के चित्र के समक्ष समाज के वरिष्ठ सदस्य दिलीप शर्मा एवं रमेश चौबे ने दीप प्रज्ज्वलित कर किया। इसके पश्चात समाज अध्यक्ष राधेश्याम पटेल के नेतृत्व में समाज की नवीन अपडेटेड पत्रिका का विमोचन अतिथियों के करकमलों से सम्पन्न हुआ। पत्रिका की पीडीएफ समाज के सभी व्हाट्सएप ग्रुपों व समस्त सोशल मीडिया प्लेटफार्म पर भेजी गई। इस अवसर पर तीज व्रत उद्यापन एवं सामूहिक विवाह समारोह के लिए गठित कार्यक्रम क्रियान्वयन समिति अध्यक्ष लक्ष्मीनारायण शर्मा, संजय पटेल, प्रमुख आचार्य अजय चौबे, मीडिया प्रभारी गजेंद्र तिवारी एवं कमलेश शर्मा का अतिथियों ने सम्मान किया। कार्यक्रम में समाज की प्रतिभाओं को भी सम्मानित किया गया। समाजजनों से अधिक से अधिक माताओं एवं बहनों को कार्यक्रम से जोडऩे तथा आयोजन को सफल बनाने का आह्वान किया गया। अंत में समाज सदस्य मिथिलेश दुबे के प्रतिष्ठान पर सामुहिक भोजन प्रसादी का आयोजन हुआ। संचालन राधेश्याम पटेल ने किया एवं आभार गणेश तिवारी व रमेश तिवारी ने माना। इस अवसर पर नरेन्द्र दुबे, हेमंत शर्मा, सुभाष पटेल, योगेश दुबे, मोनू पटेल, कृष्णकांत दुबे, मनीष मोदी, दिनेश तिवारी, संदीप शर्मा, अंकित पाण्डे, रितेश शर्मा, प्रदीप तिवारी, जीवन शर्मा, मनीष तिवारी, रवि शर्मा, अशोक शर्मा, नीरज तिवारी, सुधीर शर्मा, उमेश तिवारी, कपिल मोदी, बंटी व्यास, पंकज शर्मा सहित अन्य बडी संख्या में उपस्थित थे।

# जिला चिकित्सालय की चिकित्सा अधिकारी डॉ. पंडोले को नोटिस जारी

हरिभूमि न्यूज ⏭ देवास

कार्यालय सिविल सर्जन सह मुख्य अस्पताल अधीक्षक, जिला चिकित्सालय देवास द्वारा डॉ. भारती पण्डोले चिकित्सा अधिकारी को कारण बताओ सूचना पत्र जारी किया गया है।

मेटरनिटी विभाग में आने वाले मरीजों से संबंधित शिकायत प्राप्त हुई थी कि उन्हें जिला चिकित्सालय में उपचार कराने के स्थान पर निजी क्लिनिक पर दिखाने का दबाव डाला जा रहा है। यह आचरण सेवा नियमों के विपरीत पाया गया है। पत्र में उल्लेख किया गया है कि उक्त कार्यवाही मध्यप्रदेश सिविल सेवा आचरण नियम 1965 के नियम-3 का उल्लंघन है। इस संबंध में डॉ. पाण्डोले से तीन दिवस के भीतर स्पष्टीकरण प्रस्तुत करने के निर्देश दिए गए हैं। निर्धारित समयावधि में उत्तर प्राप्त न होने पर विभागीय अनुशासनात्मक कार्रवाई की जाएगी। सूचना पत्र की प्रतिलिपि आयुक्त, लोक स्वास्थ्य एवं चिकित्सा शिक्षा विभाग, भोपाल, कलेक्टर जिला देवास को भी प्रेषित की गई है।

जिला चिकित्सालय प्रशासन ने स्पष्ट किया है कि मरीजों को गुणवत्तापूर्ण एवं निष्पक्ष चिकित्सा सुविधा उपलब्ध कराना ही सर्वोच्च प्राथमिकता है। किसी भी प्रकार की अनुचित गतिविधि को बर्दाश्त नहीं किया जाएगा।

## खबर संक्षेप



### डॉ बीआर अंबेडकर मूर्ति विकास योजना में समयबद्ध करें आवेदन

**ललितपुर।** जिलाधिकारी सत्य प्रकाश ने शासन के निर्देशों के क्रम में जनपद में डॉ भीमराव अम्बेडकर मूर्ति विकास योजना के प्रभावी एवं समयबद्ध क्रियान्वयन के लिए आवश्यक दिशा-निर्देश जारी करते हुए शासन द्वारा निर्धारित कार्ययोजना के अनुसार विधानसभा-क्षेत्रवार चयनित अम्बेडकर पार्क स्थलों के विकास, सुदृढ़ीकरण एवं सौन्दर्यीकरण हेतु 31 जुलाई तक जनप्रतिनिधि व क्षेत्रीय लोगों से प्रस्ताव व आवेदन आमंत्रित किये हैं। जिलाधिकारी ने बताया कि योजना का उद्देश्य प्रदेश में स्थापित डॉ भीमराव अम्बेडकर एवं अन्य महापुरुषों की प्रतिमाओं तथा स्मृति स्थलों का संरक्षण, सुदृढ़ीकरण व सौन्दर्यीकरण कर उन्हें प्रेरणा स्थल के रूप में विकसित करना है। उन्होंने सम्बंधित अधिकारियों को निर्देशित किया है कि विधानसभा-क्षेत्रवार स्थलों का चयन कर शासनादेश के अनुरूप प्रस्ताव तैयार करते हुए समयसीमा के भीतर उपलब्ध कराये जायें। प्रस्तावों के साथ स्थलीय निरीक्षण आख्या, तकनीकि मूल्यांकन, विस्तृत आगणन तथा स्थल की वर्तमान स्थिति के फोटोग्राफ भी अनिवार्य रूप से संलग्न किये जाएं। जिलाधिकारी ने जनप्रतिनिधियों, ग्राम पंचायतों, क्षेत्र पंचायतों एवं सम्बंधित विभागों तथा आम लोगों से कहा है कि यदि उनके क्षेत्र में योजना के मानकों के अनुरूप कोई अम्बेडकर मूर्ति स्थल है तो उसका प्रस्ताव व आवेदन 31 जुलाई तक समाज कल्याण अधिकारी कार्यालय में उपलब्ध कराते हुए जिलाधिकारी भी एक सूचना प्रेषित करें, ताकि समयबद्ध रूप से कार्यवाही करते हुए योजना का लाभ सम्बंधित स्थलों को मिल सके। स्थल चयन, निरीक्षण, आगणन, निविदा एवं निर्माण कार्य की प्रक्रिया चरणबद्ध रूप से पूर्ण की जाएगी तथा 31 दिसम्बर तक परियोजनाओं को पूर्ण करने का लक्ष्य निर्धारित किया गया है।

### टीबी के मरीज पौष्टिक आहार लें, दवा बीच में न छोड़ें: डॉ. सोनी

**ललितपुर।** क्षयरोग (टीबी) के मरीजों को उपचार के दौरान पौष्टिक एवं संतुलित आहार लेने के साथ-साथ चिकित्सक द्वारा निर्धारित दवाओं का नियमित सेवन करना चाहिए। इलाज के बीच में दवा छोडऩा बीमारी को गंभीर बना सकता है। यह बात जिला क्षयरोग अधिकारी डा.आर.एन. सोनी ने टीबी मरीजों और उनके परिजनों को जागरूक करते हुए कही। बताया कि टीबी एक गंभीर लेकिन पूर्णतः उपचार योग्य बीमारी है। मरीज यदि चिकित्सकीय सलाह के अनुसार पूरे उपचार काल तक नियमित दवा लेते हैं, तो वे पूरी तरह स्वस्थ हो सकते हैं। उन्होंने कहा कि कई बार मरीज स्वास्थ्य में सुधार महसूस होने पर दवा लेना बंद कर देते हैं, जिससे बीमारी दोबारा उभर सकती है और दवाओं के प्रति प्रतिरोधक क्षमता (ड्रग रेजिस्टेंस) विकसित होने का खतरा बढ़ जाता है। डा.सोनी ने मरीजों को सलाह दी कि वे अपने भोजन में प्रोटीन युक्त खाद्य पदार्थों को शामिल करें। दालें, दूध, अंडा, हरी पत्तेदार सब्जियां, मौसमी फल और अन्य पौष्टिक खाद्य पदार्थ शरीर की रोग प्रतिरोधक क्षमता बढ़ाने में मदद करते हैं और उपचार की प्रक्रिया को तेज करते हैं। वहीं, उप जिला क्षयरोग अधिकारी डा.धीरेन्द्र वैद्य ने कहा कि टीबी मरीजों को धूम्रपान, तंबाकू और शराब जैसी हानिकारक आदतों से दूर रहना चाहिए। साथ ही पर्याप्त आराम, स्वच्छता और व्यक्तिगत स्वास्थ्य संबंधी सावधानियों का पालन करना भी आवश्यक है। स्वास्थ्य विभाग के अधिकारियों ने जनपदवासियों से अपील की है कि टीबी के लक्षणों को नजरअंदाज न करें और किसी भी संदिग्ध स्थिति में तत्काल स्वास्थ्य केंद्र से संपर्क करें। नियमित दवा, पौष्टिक आहार और चिकित्सकीय सलाह का पालन कर टीबी को पूरी तरह समाप्त किया जा सकता है।

---

### गोवंश को राष्ट्रमाता का सैवधानिक दर्जा देने की मांग

# संतों, गो सेवकों और विहिप-बजरंग दल की केंद्रीय गो सेवा मंत्रालय व राष्ट्रीय कानून बनाने की मांग







### राष्ट्रपति के नाम डीएम को सौंपा स्मरण पत्र

हरिभूमि न्यूज ⏭ ललितपुर

देशव्यापी गो सम्मान आह्वान अभियान के अंतर्गत सोमवार को जिले के संत समाज, गोसेवकों एवं विभिन्न सामाजिक-धार्मिक संगठनों के प्रतिनिधियों ने जिला कलेक्ट्रेट पहुंचकर जिलाधिकारी के माध्यम से राष्ट्रपति के नाम एक स्मरण पत्र सौंपा। अभियान से जुड़े प्रतिनिधियों ने बताया कि इससे पूर्व 27 अप्रैल 2026 को भी इसी विषय पर देशभर से प्रार्थना पत्र भेजे गए थे। अब उसके अनुसरण में यह स्मरण पत्र भेजकर मांगों पर शीघ्र निर्णय लेने का आग्रह किया गया है। स्मरण पत्र में भारतीय संविधान के अनुच्छेद 48 एवं 51 ए (जी) की मूल भावना के अनुरूप अखिल भारतीय वेदलक्षणा गोवंश को राष्ट्रमाता/राष्ट्र आराधना का संवैधानिक दर्जा प्रदान करने, केंद्रीय गोसेवा मंत्रालय की स्थापना करने तथा गौवंश संरक्षण एवं संवर्धन के लिए पूरे देश में लागू होने वाला एक एकीकृत केंद्रीय कानून बनाने की मांग की गई है। इस संबंध में प्रधानमंत्री, राज्यपाल एवं मुख्यमंत्री को भी पत्र की प्रतिलिपि प्रेषित किए जाने की जानकारी दी गई।

कार्यक्रम में महंत रामलखन दासजी महाराज, महंत नरसिंह मंदिर श्रीगंगादास महाराज एवं महंत त्यागीजी महाराज के संरक्षण में अभियान संचालित किया गया। अभियान प्रमुख सुधांशु शेखर हुण्डैत ने कहा कि गाय भारतीय संस्कृति, कृषि व्यवस्था और पर्यावरण संरक्षण का अभिन्न आधार है। इसलिए उसके संरक्षण के लिए प्रभावी एवं संवैधानिक व्यवस्था समय की आवश्यकता है। इस दौरान विश्व हिंदू परिषद जिलाध्यक्ष नवल किशोर सोनी, जिला कार्यवाह अध्यक्ष शैलेन्द्र सिंह बुंदेला, प्रांतीय नेता रामेश्वर मालवीय, बजरंग दल के प्रांत सेवा संयोजक शुभम कौशिक, जिला उपाध्यक्ष मदन बिजारिया, जिला मंत्री ध्रुव साहू, जिला सह-मंत्री उदयभान सिंह परमार, नगर अध्यक्ष राजू जैन, प्रेस क्लब अध्यक्ष राजीव बबेले (सप्पू) सहित बड़ी संख्या में पदाधिकारी उपस्थित रहे। इसके अलावा गोपुत्र सेना अध्यक्ष प्रशांत शुक्ला, गौसेवक मनीष दुबे (दरोनी), अनुज शर्मा, मोनू सेन, अभिषेक दुबे, उमेश सुड़ेले, आदेश पुरोहित, पवन गिरी (खितवांस), संदीप चतुर्वेदी, भारत भूषण कर्नोनिया, मनोज पुरोहित, संजय जैन (राजू), उमेश मुंडले, अनुज दीक्षित, आशीष लटोरिया, अमर दुबे, बृजेन्द्र सिंह, विनोद शर्मा, कुलदीप दुबे, भारत राजा बुंदेला, शिवम बार, वासुदेव पटवा, विनीत तिवारी, राहुल जैन, एड.सक्षम दीक्षित, अंकित मिश्रा, अंशुल झा, संजू ग्वाला, नितिन झा सहित सैकड़ों गौसेवक एवं गोभक्त मौजूद रहे।

---

### पूर्व राष्ट्रपति को कांग्रेस ने दी श्रद्धांजलि

## पुण्यतिथि पर श्रद्धांजलि सभा में कलाम के आदर्शों पर चलने का लिया संकल्प




हरिभूमि न्यूज ⏭ ललितपुर

भारत के पूर्व राष्ट्रपति, महान वैज्ञानिक एवं भारतरत्न स्व. डा. एपीजे अब्दुल कलाम की पुण्यतिथि पर जिला एवं नगर कांग्रेस कमेटी की ओर से जिला कांग्रेस कार्यालय में श्रद्धांजलि सभा का आयोजन किया गया।

अध्यक्षता नगर कांग्रेस कमेटी अध्यक्ष रामनरेश दुबे ने की। श्रद्धांजलि सभा में कांग्रेसजनों ने पूर्व राष्ट्रपति भारतरत्न डा.कलाम के चित्र पर पुष्प अर्पित कर उन्हें भावभीनी श्रद्धांजलि दी तथा उनके व्यक्तित्व एवं कृतित्व को याद किया। वक्ताओं ने कहा कि डा.कलाम का सादगीपूर्ण जीवन, उत्कृष्ट चरित्र, वैज्ञानिक सोच और राष्ट्र के प्रति समर्पण प्रत्येक भारतीय के लिए प्रेरणा का स्रोत है। उन्होंने देश की वैज्ञानिक प्रगति, रक्षा क्षेत्र के सशक्तिकरण तथा युवाओं को सपने देखने और उन्हें साकार करने की प्रेरणा देने में अमूल्य योगदान दिया। नगराध्यक्ष ने कहा कि डा.ए.पी.जे. अब्दुल कलाम ने अपने ज्ञान, कर्म और राष्ट्रभक्ति से विश्व पटल पर भारत का गौरव बढ़ाया। वह युवाओं के आदर्श थे और उनका जीवन ईमानदारी, परिश्रम एवं राष्ट्रसेवा का संदेश देता है। उन्होंने कहा कि डा.कलाम के विचार आने वाली पीढियों को सदैव प्रेरित करते रहेंगे। अंत में जिला कांग्रेस कमेटी महामंत्री शशिकांत दीक्षित के जिला बार एसोसिएशन में उपाध्यक्ष तथा अजय कुशवाहा के कनिष्ठ उपाध्यक्ष निर्वाचित होने पर कांग्रेसजनों ने पुष्पमाला पहनाकर एवं सम्मान-पत्र भेंट कर उनका सम्मान किया। साथ ही दोनों पदाधिकारियों के सफल एवं जनहितकारी कार्यकाल की शुभकामनाएं दी गईं।

संचालन एनएसयूआई जिलाध्यक्ष अमन साहू ने किया। इस दौरान मनरेगा प्रभारी जसपाल सिंह बंटी, पंकज हुण्डैत, एड.शशिकांत दीक्षित, मकरंद किलेदार, सुनील खजुरिया, अजय कुशवाहा, संतोष राय, वाशु जैन, श्रीजल जैन, महेश चंद्र, राहुल सेन सहित बड़ी संख्या में कांग्रेस पदाधिकारी एवं कार्यकर्ता उपस्थित रहे।

---

### महिला अस्पताल के पास से युवक का अपहरण

## पिसनारी बाग में बंधक बनाकर युवक से डंडों, बेल्ट से मारपीट का आरोप

**ललितपुर।** शहर कोतवाली क्षेत्र में युवक के कथित अपहरण और मारपीट का सनसनीखेज मामला सामने आया है। आरोप है कि महिला अस्पताल के पास से चार पहिया वाहन में आए लोगों ने एक युवक को जबरन उठा लिया और पिसनारी स्थित एक बाग में ले जाकर कई घंटों तक बंधक बनाकर लाठी-डंडों, बेल्ट और जूते-चप्पलों से बेरहमी से पीटा। किसी तरह आरोपियों के चंगुल से छूटकर पीड़ित ने पुलिस से शिकायत की।

पुलिस ने नामजद आरोपी और उसके अज्ञात साथियों के खिलाफ मुकदमा दर्ज कर जांच शुरू कर दी है। म.प्र. के जिला टीकमगढ़ अंतर्गत ग्राम घाट खिरिया कृष्णकांत तिवारी पुत्र संतोष तिवारीने दर्ज कराई रिपोर्ट में बताया कि वह 24 जुलाई 2026 को काम के सिलसिले में ललितपुर आया था। शाम करीब 5 बजे वह जिला महिला अस्पताल के मुख्य गेट के पास से गुजर रहा था, तभी उसका दूर का रिश्तेदार बानपुर निवासी आशु रावत पुत्र रवि रावत अपने कुछ अज्ञात साथियों के साथ चार पहिया वाहन से वहां पहुंचा। आरोप है कि आरोपियों ने उसे जबरन वाहन में बैठा लिया और मारपीट करते हुए पिसनारी स्थित एक सुनसान बाग में ले गए। वहां उसे करीब तीन से चार घंटे तक बंधक बनाए रखा गया तथा लाठी-डंडों, बेल्ट और जूते-चप्पलों से बेरहमी से पीटा गया। आरोपियों ने उसे जान से मारने की धमकी भी दी। कृष्णकांत ने बताया कि किसी तरह वह आरोपियों के चंगुल से निकलकर भागने में सफल रहा। इसके बाद उसने अपने चाचा पुरुषोत्तम तिवारी को फोन कर पूरी घटना की जानकारी दी। आरोप है कि जब उसके चाचा टीकमगढ़ से ललितपुर के लिए रवाना हुए, तो आरोपियों ने किसी के माध्यम से फोन कर उन्हें रास्ते में ही रोक दिया, जिससे वे मौके तक नहीं पहुंच सके। पुलिस को बताया कि आरोपी दबंग प्रवृत्ति के हैं और घटना के बाद से उसे अपनी जान-माल का खतरा बना हुआ है। कोतवाली पुलिस ने तहरीर पर आशु रावत एवं उसके अज्ञात साथियों के खिलाफ मुकदमा कायम किया है।

---

### नपा की बोर्ड बैठक पर घमासान, पार्षदों ने कमिश्नर से लगाई गुहार

## बिना कोरम प्रस्ताव पारित, विकास कार्यों में अनियमितता का आरोप

हरिभूमि न्यूज ⏭ ललितपुर



नगर पालिका परिषद की कार्यप्रणाली को लेकर एक बार फिर विवाद गहरा गया है। नगर पालिका की हाल ही में आयोजित बोर्ड बैठक को लेकर कई पार्षदों ने मोर्चा खोल दिया है। वार्ड संख्या-18 के सभासद आलोक कुमार जैन मयूर के नेतृत्व में कई सभासदों ने झांसी मंडल के आयुक्त (कमिश्नर) को शिकायती पत्र भेजकर 18 जुलाई 2026 को हुई बोर्ड बैठक को निरस्त करने तथा पूरे प्रकरण की उच्च स्तरीय जांच कराने की मांग की है।

शिकायत में आरोप लगाया गया है कि नगर पालिका प्रशासन ने उत्तर प्रदेश नगर पालिका अधिनियम की धारा 87(ख) के प्रावधानों की अनदेखी करते हुए बिना वैधानिक कोरम के बैठक आयोजित कर दी। पार्षदों का कहना है कि बैठक के दौरान 26 में से 14 सभासदों ने विरोध दर्ज कराया था, इसके बावजूद मात्र 10 से 15 मिनट में सभी प्रस्तावों को आनन-फानन में पारित घोषित कर दिया गया, जो पूरी तरह नियमों के विपरीत है। पार्षदों ने आरोप लगाया कि नगर पालिका द्वारा शहर में कराए जा रहे विकास कार्यों के टेंडरों में कई वार्डों की लगातार उपेक्षा की जा रही है। इससे अनेक क्षेत्रों के नागरिक मूलभूत सुविधाओं से वंचित हैं। साथ ही शहर में कराए जा रहे निर्माण कार्यों की गुणवत्ता भी बेहद खराब बताई गई है। शिकायत में हाल ही की एक घटना का उल्लेख करते हुए कहा गया है कि शहर में लगे एक स्वागत द्वार से मार्बल का टुकड़ा गिरने से कोचिंग जा रही एक छात्रा गंभीर रूप से घायल हो गई थी। पार्षदों का आरोप है कि यह घटना निर्माण कार्यों में लापरवाही और घटिया गुणवत्ता का परिणाम है।

शिकायती पत्र में नगर पालिका अध्यक्ष के परिजनों, विशेषकर उनके ससुर द्वारा पालिका के कार्यों में हस्तक्षेप किए जाने का भी आरोप लगाया गया है। पार्षदों ने पालिका कार्यालय में पारदर्शिता सुनिश्चित करने के लिए अध्यक्ष कक्ष सहित विभिन्न शाखाओं में सीसीटीवी कैमरे लगाए जाने की मांग की है। इसके अलावा यह भी कहा गया है कि नियमानुसार प्रत्येक दो माह में बोर्ड बैठक होना अनिवार्य है, जबकि नगर पालिका में पांच से छह माह के अंतराल पर बैठकें आयोजित की जा रही हैं, जिससे जनहित के मुद्दे लंबित रहते हैं। शिकायतकर्ताओं ने झांसी मंडल के आयुक्त से मांग की है कि 18 जुलाई 2026 की बोर्ड बैठक को निरस्त किया जाए, नगर पालिका में व्याप्त अनियमितताओं की निष्पक्ष जांच कराई जाए, बोर्ड बैठक का एजेंडा नियमानुसार पूर्व में जारी किया जाए तथा पालिका की कार्यप्रणाली में किसी भी बाहरी हस्तक्षेप पर तत्काल रोक लगाई जाए। शिकायती पत्र पर पार्षद आलोक जैन मयूर, पार्षद रमेश कुमार, पार्षद एड. मनमोहन चौबे, पार्षद दीपा कुशवाहा, पार्षद धर्मेन्द्र कुशवाहा, पार्षद मिथिलेश, पार्षद जानकी प्रसाद सहित अन्य सभासदों के हस्ताक्षर हैं।

---

### पति की शराब की लत, विवाद से थी परेशान

## धौर्रा रेलवे स्टेशन के पास मां ने दो मासूम बच्चों संग ट्रेन के आगे कूदकर दी जान



हरिभूमि न्यूज ⏭ ललितपुर

जाखलौन थाना क्षेत्र के धौर्रा रेलवे स्टेशन के पास सोमवार सुबह एक हृदयविदारक घटना में वर्षीय महिला ने अपने दो मासूम बच्चों के साथ ट्रेन के आगे कूदकर आत्महत्या कर ली। घटना में महिला और दोनों बच्चों की मौके पर ही मौत हो गई।

सूचना मिलते ही स्थानीय पुलिस और जीआरपी मौके पर पहुंची तथा शवों को कब्जे में लेकर पंचनामा भर पोस्टमार्टम के लिए भेज दिया। पुलिस मामले की विस्तृत जांच कर रही है। पुलिस के अनुसार, मृतका की पहचान थाना जाखलौन के ग्राम धौर्रा निवासी दीपा यादव पत्नी विक्की यादव के रूप में हुई है। उसके साथ उसके दो मासूम बच्चों शिवांगी (लगभग 5 वर्ष) और कृष (लगभग 2 वर्ष) की भी ट्रेन से कटकर मौत हो गई। घटना सोमवार सुबह करीब 8.30 बजे धौर्रा रेलवे स्टेशन और रणछोड़ रेलवे क्रॉसिंग के बीच हुई। सूचना मिलते ही जाखलौन थाना पुलिस मौके पर पहुंची और जीआरपी ललितपुर से समन्वय स्थापित किया। जीआरपी ने नियमानुसार पंचनामा की कार्रवाई पूरी कर तीनों शवों को पोस्टमार्टम के लिए भेज दिया। प्रारंभिक जांच में सामने आया है कि मृतका का पति विक्की यादव शराब पीने का आदी था और नशे की हालत में अक्सर पत्नी से विवाद करता था। पुलिस के अनुसार, इसी पारिवारिक कलह से क्षुब्ध होकर महिला द्वारा अपने दो बच्चों के साथ आत्मघाती कदम उठाने की आशंका है। हालांकि पुलिस अन्य सभी पहलुओं की भी गंभीरता से जांच कर रही है। परिजनों ने बताया कि दीपा की शादी करीब दस वर्ष पहले विक्की यादव से हुई थी। दंपति के तीन बच्चे थे, जिनमें से इस हादसे में दो बच्चों की मौत हो गई, जबकि एक बेटी सुरक्षित है।

#### इनका कहना है

आज सुबह थाना जाखलौन क्षेत्र के धौर्रा रेलवे स्टेशन के पास एक महिला द्वारा अपने दो बच्चों के साथ ट्रेन से कटकर आत्महत्या किए जाने की सूचना प्राप्त हुई। सूचना पर तत्काल पुलिस मौके पर पहुंची और जीआरपी ललितपुर के साथ समन्वय स्थापित कर नियमानुसार पंचनामा की कार्रवाई कर शवों को पोस्टमार्टम के लिए भेजा गया। प्रारंभिक जांच में पति की शराब की लत और दंपति के बीच होने वाले विवाद की बात सामने आई है। फिलहाल मामले की सभी पहलुओं से जांच की जा रही है तथा आवश्यक विधिक कार्रवाई प्रचलित है।

**अजय कुमार,** क्षेत्राधिकारी (सदर)

---

### बाजार से लौट रही युवती से मारपीट

ललितपुर। थाना जखौरा क्षेत्र में बाजार से घर लौट रही एक युवती के साथ मारपीट का मामला सामने आया है। आरोप है कि रास्ते में तीन युवकों ने उसे रोककर गाली-गलौज की और विरोध करने पर लात-घूंसों से मारपीट कर घायल कर दिया। घटना के बाद युवती की मां की तहरीर पर पुलिस ने एक नामजद और दो अज्ञात आरोपियों के खिलाफ मुकदमा दर्ज कर जांच शुरू कर दी है। ग्राम बांसी निवासी शारदा पत्नी आनंद ने दर्ज कराई रिपोर्ट में बताया कि उनकी पुत्री चंचल 25 जुलाई 2026 को दोपहर करीब 2.40 बजे किसी कार्य से बांसी बाजार गई थी। शाम करीब 5 बजे जब वह घर लौटी तो डरी-सहमी थी और उसके शरीर पर चोट के निशान थे। पूछने पर चंचल ने बताया कि खरखरी नदी के पास ग्राम लखनपुरा निवासी आलोक पुत्र हरी विश्वकर्मा अपने दो अज्ञात साथियों के साथ खड़ा था। आरोप है कि तीनों ने उसे रास्ते में रोक लिया और बिना किसी बात के गाली-गलौज करने लगे। विरोध करने पर आरोपियों ने उसके साथ लात-घूंसों से मारपीट की, जिससे वह घायल हो गई। साथ ही उसे जान से मारने की धमकी भी दी गई। घटना के बाद परिजन युवती को लेकर थाना जखौरा पहुंचे और लिखित तहरीर देकर कार्रवाई की मांग की। पुलिस ने शिकायत पर आलोक पुत्र हरी विश्वकर्मा तथा उसके दो अज्ञात साथियों के खिलाफ बीएनएस की धारा 115(2), 351(3) एवं 352 के तहत मुकदमा कायम किया है।

---

### ब्राह्मण महामंडल प्रतिनिधिमंडल ने नवागत एसपी से की भेंट

## जनहित, सामाजिक सरोकार के साथ कानून व्यवस्था समेत कई मुद्दों पर की सार्थक चर्चा



**ललितपुर।** ब्राह्मण महामंडल के अध्यक्ष अशोक पटैरिया ने नवागत एसपी संजीव कुमार बाजपेयी से शिष्टाचार भेंट की। इस दौरान विभिन्न जनहित, सामाजिक सरोकारों एवं कानून-व्यवस्था के महत्वपूर्ण विषयों पर विस्तार से चर्चा की गई।

इस दौरान आमजन की समस्याओं के त्वरित निस्तारण, सामाजिक समरसता को बढ़ावा देने तथा जिले में कानून-व्यवस्था को और अधिक प्रभावी बनाने के संबंध में विचार-विमर्श हुआ। प्रतिनिधिमंडल ने जनसहभागिता के माध्यम से पुलिस-प्रशासन और समाज के बीच बेहतर समन्वय बनाए रखने पर भी जोर दिया। ब्राह्मण महामंडल अध्यक्ष ने कहा कि एसपी के नेतृत्व में ललितपुर में शांति, सुरक्षा और जनसेवा की व्यवस्था और अधिक मजबूत होगी। इस दौरान ब्राह्मण महामंडल महामंत्री परमानंद तिवारी, पत्रकार पवन कुमार संज्ञा, मदन शर्मा, रमाकांत तिवारी तथा पत्रकार प्रमोद बबेले सहित अन्य लोग उपस्थित रहे।

---

### महरौनी में बसपा की सेक्टर-बूथ गठन बैठक संपन्न

## संगठन मजबूत करने व चुनावी रणनीति पर मंथन किया

हरिभूमि न्यूज ⏭ ललितपुर



बहुजन समाज पार्टी के तत्वावधान में 227 विधानसभा महरौनी क्षेत्र के सेक्टर अध्यक्षों एवं सेक्टर महासचिवों की बैठक महरौनी में आयोजित की गई। बैठक का मुख्य उद्देश्य सेक्टर एवं बूथ स्तर पर संगठन को सशक्त बनाना तथा आगामी विधानसभा चुनावों को लेकर कार्यकर्ताओं को आवश्यक दिशा-निर्देश देना रहा।

बैठक में पार्टी सुप्रीमो बहन कु.मायावती के निर्देशों से कार्यकर्ताओं को अवगत कराया गया। वक्ताओं ने कहा कि संगठन की वास्तविक शक्ति बूथ स्तर पर होती है, इसलिए प्रत्येक बूथ को मजबूत बनाना प्राथमिकता है। साथ ही बहुजन समाज पार्टी की नीतियों एवं चार बार रही बसपा सरकारों के कार्यों को जन-जन तक पहुंचाने का आह्वान किया गया। बैठक में जिसका जितना हिस्सा भारी, उसकी उतनी भागीदारी तथा मजबूत बूथ, मजबूत संगठन, बहुजन समाज की यही पहचान जैसे नारों के माध्यम से कार्यकर्ताओं में उत्साह का संचार किया गया। मुख्य अतिथि झांसी मंडल प्रभारी दीपक, रामसिंह कुशवाहा एवं केहर सिंह गौतम रहे। विशिष्ट अतिथियों में महरौनी वि.स.प्रभारी ब्रजेश अहिरवार, मुहम्मद खां, कपूरचंद पाल, प्रेमपाल, संजय अहिरवार, राघवेंद्र सिंह, राघवेंद्र सिंह बघेल, काशीराम छायन, गगन बिहारी, रामबगस शामिल रहे। अध्यक्षता बसपा जिलाध्यक्ष जानकी प्रसाद बौद्ध एड. ने की, जबकि संचालन रामदयाल मनहर ने किया। इस दौरान लाखन सिंह कुआघोषी, देशपत चांदोरा, हीरालाल पाल, हीरालाल अहिरवार, वृंदावन बौद्ध, खुशीराम निराला, आशीष चौधरी, कांसीराम टिकरा, रामस्वरूप, रघुवीर, मूलचंद्र, गोकुल प्रसाद, दीपचंद्र, रमेश प्रसाद, खुशीलाल कुशवाहा, राजू, अजय कुमार, नथू, बच्चूलाल, भगवानदास प्रजापति, हरिश्चन्द्र भारती, सुनील कुमार अजनौरा, राजेंद्र कुमार, दशरथ, रवि, उद्देश्य कुमार, रामदयाल, महेंद्र कुमार, भागीरथ, चंद्रभान, जयराम, संतोष कुमार, इंद्रपाल सिंह, सौरभ, कैलाश अहिरवार (छपरट), मूलचंद अहिरवार (सिलावन) सहित बड़ी संख्या में पार्टी पदाधिकारी एवं कार्यकर्ता उपस्थित रहे।

## दीवार तोड़ते समय 15 फीट नीचे गिरा मजदूर, मौत

**मंदसौर।** अफीम गोदाम रोड क्षेत्र में एक निर्माण कार्य के दौरान सोमवार दोपहर एक मजदूर की ऊंचाई से गिरने से मौत हो गई। 25 वर्षीय मजदूर दीवार तोड़ने का काम कर रहा था। मृतक की पहचान साबिर पिता कालू खां मेवाती (25) के रूप में हुई। वह वर्तमान में नाहरसैय्यद मेला ग्राउंड, मंदसौर में रहता था और मूल रूप से अचेरी, जिला मंदसौर का निवासी था। साबिर मजदूरी के साथ मकान तोड़ने का काम भी करता था। सोमवार दोपहर निर्माण कार्य के दौरान एक दीवार पर चढ़कर तोड़फोड़ कर रहा था, इसी दौरान उसका संतुलन बिगड़ा और वह 15 फीट की ऊंचाई से नीचे गिर गया। घायल साबिर को तत्काल जिला अस्पताल पहुंचाया, जहां डॉक्टरों ने जांच के बाद उसे मृत घोषित कर दिया। डॉक्टरों के अनुसार, युवक के शरीर में गंभीर अंदरूनी चोटें आईं थीं, जो उसकी मौत का कारण बनीं। जानकारी के अनुसार साबिर ने इस निर्माण स्थल पर करीब दो दिन पहले ही काम शुरू किया था। बताया गया कि जब वह ऊंचाई से गिरा, तब मौके पर पत्थर पड़े थे, जिससे उसे गंभीर चोटें आईं। पुलिस ने मर्ग कायम कर शव को पोस्टमार्टम के लिए भेज दिया है। मामले की जांच की जा रही है।

## चार वर्षीय मासूम की पानी के टैंक में डूबने से मौत

**मंदसौर।** भैंसा पहाड़ क्षेत्र में रविवार रात एक दर्दनाक हादसे में चार वर्षीय मासूम की पानी के टैंक में डूबने से मौत हो गई। मृतक की पहचान खुदाबख्श पुत्र सरवर शेख के रूप में हुई है। घटना उस समय हुई जब परिवार घर में आयोजित फातिहा कार्यक्रम में व्यस्त था। काफी देर तक बच्चा दिखाई नहीं देने पर परिजनों ने उसकी तलाश शुरू की। करीब दो घंटे बाद उसका शव घर के पास बने पानी के टैंक में मिला। परिजन उसे तुरंत जिला अस्पताल लेकर पहुंचे, जहां डॉक्टरों ने उसे मृत घोषित कर दिया।

## सावन सवारी की तैयारी को लेकर महिला कार्यकर्ताओं को सौंपा प्रभार

**सारंगपुर।** महादेव मित्र मंडल की सहयोगी संस्था पार्वती मित्र मंडल की बैठक रविवार को श्री वटकेश्वर महादेव मंदिर परिसर में महादेव मित्र मंडल अध्यक्ष ओम पुष्पद की अध्यक्षता में आयोजित की गई। बैठक में आगामी श्रावण मास में निकाली जाने वाली बाबा महाकाल की सावन सवारी को लेकर विस्तृत चर्चा की गई महादेव मित्र मंडल के संगठन मंत्री दिनेश सिंह सिसोदिया ने मंडल की रूपरेखा तथा उद्देश्य को विस्तृत रूप से बताया साथ ही पार्वती मित्र मंडल की सावन सवारी में सक्रिय भूमिका के लिए मंडल की वरिष्ठ सरिता महेश पाटीदार को प्रभारी बनाया गया साथ ही सहयोगी के रूप में राम कला दिनेश सिसोदिया डिंपल मनोहर सोनी रेखा कमल पुष्पद पूजा लोकेश सोलंकी को बनाया गया अन्य महिलाओ को सदस्यों के रूप में लिया गया कार्यक्रम का संचालन मंडल महामंत्री बृज किशोर चैहान ने किया तथा आभार उपाध्यक्ष मनोहर सोनी ने माना इस दौरान महेश पाटीदार रामेश्वर पुष्पद लोकेश सोलंकी भूपेंद्र जोशी सहयोग शर्मा प्रथम पवार सहित बड़ी संख्या में महिला सदस्य उपस्थित थे।

### जन अभियान परिषद के विकासखंड स्तरीय प्रशिक्षण का आयोजन

# नवांकुर संस्थाओं, स्वयंसेवकों को सामाजिक दायित्वों, गतिविधियों का प्रशिक्षण दिया गया

हरिभूमि न्यूज ▶▶ सारंगपुर



मध्य प्रदेश जन अभियान परिषद, विकासखंड सारंगपुर द्वारा रविवार को शासकीय महाविद्यालय परिसर में संवाद योजना के अंतर्गत ष्प्रस्फुटन शक्ति संपन्न संचय एवं प्रशिक्षण कार्यक्रम का आयोजन किया गया।

कार्यक्रम में प्रस्फुटन समितियों, नवांकुर संस्थाओं एवं स्वयंसेवकों को सामाजिक दायित्वों और संगठनात्मक गतिविधियों से संबंधित प्रशिक्षण दिया गया। कार्यक्रम में मुख्य अतिथि के रूप में जिला समन्वयक प्रवीण सिंह पंवार तथा विशेष अतिथि के रूप में महाविद्यालय की प्राचार्य डॉ. संगीता गुप्ता उपस्थित रहीं। प्रशिक्षण की शुरुआत करते हुए विकासखंड समन्वयक बद्रीलाल बामनिया ने वर्तमान सामाजिक परिस्थितियों, पर्यावरण संरक्षण, स्वच्छता अभियान तथा जन अभियान परिषद की गतिविधियों पर विस्तार से जानकारी दी। उन्होंने प्रस्फुटन समितियों, नवांकुर संस्थाओं एवं स्वयंसेवकों से समाजहित के कार्यों में सक्रिय सहभागिता निभाने का आह्वान किया। वही मुख्य अतिथि प्रवीण सिंह पंवार ने नगर एवं ग्राम विकास प्रस्फुटन समिति के सदस्यों को संबोधित करते हुए देशहित, मोबाइल के दुरुपयोग से बचाव, पर्यावरण संरक्षण, स्वच्छता, ष्एक पेड़ मां के नामष अभियान, हरियाली पखवाड़ा, तिरंगा यात्रा तथा बीएसडब्ल्यू एवं एमएसडब्ल्यू प्रथम वर्ष में अधिक से अधिक छात्र-छात्राओं के प्रवेश जैसे विषयों पर विस्तार से चर्चा की। उन्होंने सामाजिक जागरूकता और युवाओं की सकारात्मक भागीदारी पर विशेष बल दिया। कार्यक्रम में समाजसेवी गजराज सिंह राजपूत ने जैविक एवं प्राकृतिक खेती के महत्व तथा किसानों के लिए इसके लाभों पर प्रशिक्षण देते हुए पर्यावरण अनुकूल कृषि पद्धतियों को अपनाने की अपील की।कार्यक्रम के अंत में प्राचार्य डॉ. संगीता गुप्ता के नेतृत्व में कारगिल विजय दिवस के अवसर पर शहीद सैनिकों को सामूहिक श्रद्धांजलि अर्पित की गई। राष्ट्रगान के साथ कार्यक्रम का समापन हुआ। इस अवसर पर भाजपा मंडल महामंत्री रघुराज सिंह सोलंकी, नवीन रुण्डवाल, पवन सिंह बेस, दिनेश बामनिया, नवांकुर संस्था से अजब सिंह नागर, रामविलास लोदी, लोकेश नाहर, संजय परमार, पुरुषोत्तम चंद्रवंशी, मनोज पुष्पद, शिवराज पाल, सहित ग्राम एवं नगर विकास प्रस्फुटन समिति के सदस्य और बड़ी संख्या में स्वयंसेवक उपस्थित रहे।

### 10 सेक्टरों में 10 पद स्वीकृत

# 313 आंगनबाड़ी केंद्रों की निगरानी चार पर्यवेक्षकों के भरोसे, व्यवस्थाओं पर सवाल

हरिभूमि न्यूज ▶▶ जीरापुर

महिला एवं बाल विकास विभाग की महत्वाकांक्षी योजनाओं की जमीनी हकीकत परियोजना में उजागर हो रही है। विश्वसनीय सूत्रों से मिली जानकारी के अनुसार महिला बाल विकास परियोजना के अंतर्गत कुल 313 आंगनबाड़ी केंद्र संचालित हैं, जिनकी देखरेख का जिम्मा महज प्रभारी परियोजना अधिकारी सहित 4 पर्यवेक्षकों पर है। जानकारी के मुताबिक परियोजना में पर्यवेक्षक के कुल 10 पद स्वीकृत हैं। और परियोजना को 10 सेक्टरों में विभाजित किया गया है जिसमें - जीरापुर शहरी, जीरापुर ग्रामीण, माचलपुर शहरी, माचलपुर ग्रामीण, रामगढ़, गोघटपुर, पिपल्याकुलमी, भंडावद, गागोरनी और मोहन गांव। नियमानुसार प्रत्येक सेक्टर पर एक पर्यवेक्षक की नियुक्ति होना चाहिए, जो अपने सेक्टर के आंगनबाड़ी केंद्रों की सतत निगरानी करे। लेकिन वर्तमान में 10 सेक्टरों पर मात्र 4 पर्यवेक्षक ही कार्यरत हैं। ऐसे में एक-एक पर्यवेक्षक को दो-दो ओर तीन सेक्टरों का प्रभार संभालना पड़ रहा है।

एक सेक्टर में औसतन 39 के लगभग आंगनबाड़ी केंद्र आते हैं, तो दो सेक्टर मिलाकर एक पर्यवेक्षक के जिम्मे 78 से अधिक केंद्र हो जाते हैं। ग्रामीण अंचल में फैले इन केंद्रों तक पहुंचना अपने आप में चुनौती है। ऐसे में सवाल उठता है कि एक पर्यवेक्षक एक महिने में अपने प्रभार के सभी आंगनबाड़ी केंद्रों तक कैसे पहुंचेगा? जब निरीक्षण ही नहीं होगा तो आंगनबाड़ी केंद्रों पर संचालित पोषण आहार वितरण, टीकाकरण, स्वास्थ्य जांच, प्री-स्कूल शिक्षा और अन्य गतिविधियों की मॉनिटरिंग कैसे संभव हो पाएगी! ऐसे में पर्यवेक्षकों की कमी का सीधा असर आंगनबाड़ी केंद्रों के संचालन पर पड़ रहा है। कई केंद्रों पर समय पर उपस्थिति नहीं होती, तो कहीं बच्चों को मिलने वाली सुविधाओं में लापरवाही बरती जाती है। अब बड़ा सवाल यह है कि जब आधी अधूरी निगरानी टीम के भरोसे पूरी परियोजना चल रही है, तो शासन की योजनाएं धरातल पर कैसे सफल होंगी? शासन-प्रशासन को इस ओर तत्काल ध्यान देकर रिक्त पड़े 6 पर्यवेक्षक पदों को भरने की आवश्यकता है, ताकि 313 आंगनबाड़ी केंद्रों की व्यवस्थाएं सुचारू रूप से संचालित हो सकें। क्या जिले के जिम्मेदार विभागीय अधिकारी एवं जिला प्रशासन इस गंभीर समस्या पर ध्यान केंद्रित कर उचित व्यवस्था करेंगे।

**इनका कहना है**

मुझे प्रभारी जिला कार्यक्रम अधिकारी का प्रभार संभाले लगभग एक माह हुआ है। मामले की जानकारी प्राप्त हुई है। जिन परियोजनाओं में पर्यवेक्षकों की संख्या आवश्यकता से अधिक है, वहां से समायोजन कर संबंधित परियोजना में पर्यवेक्षकों की नियुक्ति की जाएगी, ताकि आंगनबाड़ी केंद्रों की निगरानी व्यवस्था बेहतर हो सके।

**-केदार शर्मा,** प्रभारी जिला कार्यक्रम अधिकारी महिला एवं बाल विकास

# अभिभावक दिवस मनाया, सांस्कृतिक कार्यक्रम किए



हरिभूमि न्यूज ▶▶ नरसिंहगढ़


स्थानीय प्रज्ञा सागर पब्लिक स्कूल नरसिंहगढ़ में अभिभावक दिवस मनाया गया। इस अवसर पर विद्यालय प्राचार्य नीरज शर्मा एवं उपप्राचार्य शिवानी गुप्ता ने मां सरस्वती की प्रतिमा पर माल्यार्पण एवं दीप प्रज्जवलित कर कार्यक्रम की शुरुआत की। इस अवसर पर प्री प्राइमरी के बच्चों ने रंगारंग सांस्कृतिक कार्यक्रम की प्रस्तुति दी। बच्चों ने मां सरस्वती वंदना एवं स्वागत गीत की मनमोहक प्रस्तुति भी दी। के जी की छात्रा मानवी सोलंकी ने माता पिता के लिए सुमधुर गीत गाकर समां बांध दिया। उपप्राचार्य मैडम ने स्वागत भाषण में सभी आगंतुकों का स्वागत करते हुए संस्था के लक्ष्य, उद्देश्य एवं योजनाओं की जानकारी दी। प्राचार्य महोदय ने अपने उद्बोधन में शिक्षकों एवं अभिभावकों के कर्तव्यों को लेकर एक प्रेरक कथा सुनाई। वरिष्ठ कॉर्डिनेटर आदित्य सिंह सोलंकी ने सभी के प्रति आभार व्यक्त किया। कार्यक्रम में के जी कक्षाओं के बच्चों के अभिभावक, समस्त स्टाफ एवं छोटे बच्चे उपस्थित थे। कार्यक्रम का सफल संचालन जय प्रकाश भारद्वाज एवं गुलनाज खान ने किया।



# दिन दहाड़े कट रहे हरे-भरे पेड़, प्रशासन को खबर नहीं

हरिभूमि न्यूज ▶▶ सुठालिया

जब पूरा देश प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी के एक पेड़ मां के नाम अभियान में जुटा है, तब राजगढ़ जिले में हरे-भरे पेड़ों को बेरहमी से काटा जा रहा है। शनिवार शाम 6.29 बजे ग्राम खानोटा से आई तस्वीरों में देखा जा सकता है कि कई हरे-भरे पेड़ काट कर जमीन पर डाल दिए गए हैं। पेड़ों के तने अभी भी हरे हैं जिससे साफ है कि कटाई अभी-अभी हुई है। स्थानीय लोगों का आरोप है कि ये कटाई सरकारी/सार्वजनिक जमीन पर बिना अनुमति के की गई है। पर्यावरण प्रेमियों ने कलेक्टर से मांग की है कि मामले में तुरंत जांच कर दोषियों पर वन संरक्षण अधिनियम तहत कड़ी कार्रवाई की जाए और कटी हुई लकड़ी जप्त की जाए। जब सरकार एक तरफ पेड़ लगाने पर करोड़ों खर्च कर रही है, दूसरी तरफ इस तरह कटाई से हरित मध्य प्रदेश का सपना चकनाचूर हो रहा है।



**इनका कहना है**

ऐसी कोई अनुमति नहीं ली है कौन से गांव का मामला है, आप मुझे प्रतिवेदन भेज दीजिए मैं तहसीलदार साहब को भेज दूंगा

**लखन रघुवंशी**, हल्का पटवारी खानोटा

### शिक्षा व्यवस्था में पारदर्शिता और दोषियों पर कड़ी कार्रवाई की मांग

# नीट पेपर लीकः आहत होकर जान देने वाले छात्रों को कांग्रेसियों ने दी श्रद्धांजलि

हरिभूमि न्यूज ▶▶ विदिशा

नीट परीक्षा पेपर लीक और दिल्ली में प्रदर्शनकारी छात्रों पर हुए लाठीचार्ज के विरोध में जिला कांग्रेस कमेटी ने शनिवार शाम गांधी चौक स्थित महात्मा गांधी प्रतिमा से डॉ. भीमराव अंबेडकर प्रतिमा तक कैंडल मार्च निकाला।

मार्च की शुरुआत गांधी प्रतिमा पर माल्यार्पण से हुई और समापन अंबेडकर प्रतिमा पर श्रद्धांजलि सभा के साथ हुआ। इस दौरान दो दिवंगत छात्रों की स्मृति में दो मिनट का मौन रखकर श्रद्धांजलि दी गई। हाथों में मोमबत्तियां और तख्तियां लिए कांग्रेस कार्यकर्ताओं ने छात्रों को न्याय दो और ३पेपर लीक के दोषियों को सजा दो३ जैसे नारे लगाए। जिला कांग्रेस अध्यक्ष मोहित रघुवंशी ने आरोप लगाया कि पेपर लीक से लाखों विद्यार्थियों का भविष्य प्रभावित हुआ है तथा छात्रों की आवाज दबाने का प्रयास किया जा रहा है। कांग्रेस ने नीट पेपर लीक की निष्पक्ष जांच, दोषियों पर सख्त कार्रवाई और शिक्षा व्यवस्था को पारदर्शी बनाने की मांग करते हुए युवाओं के हितों की रक्षा के लिए आंदोलन जारी रखने का संकल्प दोहराया। वहीं स्थानीय गांधी चौक स्थित गांधी प्रतिमा के समक्ष शनिवार को शहर के गणमान्य नागरिकों ने नीट परीक्षा में कथित पेपर लीक और अनियमितताओं से आहत होकर आत्महत्या करने वाले विद्यार्थियों को श्रद्धांजलि अर्पित की। समाजसेवी सुजीत देवलिया ने कहा कि वर्षों की कठिन मेहनत के बाद प्रतियोगी परीक्षाओं में शामिल होने वाले विद्यार्थियों के साथ यदि ऐसी परिस्थितियां उत्पन्न होती हैं, तो यह पूरे समाज के लिए चिंता का विषय है। सनातन श्री हिंदू उत्सव समिति के पूर्व अध्यक्ष अतुल तिवारी ने बताया कि श्रद्धांजलि सभा के लिए जिला प्रशासन से अनुमति मांगी गई थी, लेकिन धारा 163 का हवाला देते हुए अनुमति नहीं दी गई। उन्होंने सवाल उठाया कि विदिशा को इतना संवेदनशील क्यों माना जा रहा है। एडवोकेट विमल प्रकाश तारण ने कहा कि देश के भविष्य के साथ किसी भी प्रकार का खिलवाड़ स्वीकार नहीं किया जाएगा। वहीं डॉ. दिनेश शर्मा ने पेपर लीक की घटनाओं को दुर्भाग्यपूर्ण बताते हुए शिक्षा व्यवस्था पर चिंता व्यक्त की।



**विदिशा।** नीटे पेपर लीक होने के बाद आहत होकर आत्महत्या करने वाले छात्रों को कांग्रेसियों ने दी श्रद्धांजलि।

## नवनियुक्त कार्यकर्ताओं को प्रशिक्षण दिया गया

**विदिशा।** कलेक्टर अंशुल गुप्ता के निर्देशन में नवनियुक्त आंगनबाड़ी कार्यकर्ताओं के लिए प्रशिक्षण आयोजित किया गया। प्रशिक्षण का उद्देश्य विभागीय योजनाओं के प्रभावी क्रियान्वयन, समन्वय और कार्य दक्षता बढ़ाना रहा। लीड बैंक अधिकारी बी.एस. बघेल ने डीबीटी, आधार सीडिंग, ई-केवाईसी और हितग्राही योजनाओं की जानकारी दी। वहीं आईटीआई प्राचार्य कविता रघुवंशी ने कौशल विकास, रोजगारपरक पाठ्यक्रमों और स्वरोजगार के अवसरों पर मार्गदर्शन दिया। अधिकारियों ने कार्यकर्ताओं से योजनाओं का लाभ पात्र हितग्राहियों तक समय पर पहुंचाने का आह्वान किया। मध्यप्रदेश राज्य एड्स नियंत्रण कार्यक्रम के तहत आयोजित प्रशिक्षण में आंगनबाड़ी कार्यकर्ताओं को शिक्षा एवं स्वास्थ्य संबंधी महत्वपूर्ण विषयों पर प्रशिक्षण दिया। जिला शिक्षा अधिकारी नरेन्द्र कुमार अहिरवार ने आंगनबाड़ी एवं शाला एक परिसर की अवधारणा समझाते हुए बच्चों की उपस्थिति, अभिभावक से संवाद पर बल दिया।

# वीडियो वायरल मामले में दबोचे गए 2 आरोपियों का पुलिस ने निकाला जुलूस

### पुलिस ने चौराहों पर लगवाए नारे, अपराध करना पाप है पुलिस हमारी बाप है

हरिभूमि न्यूज ▶▶ विदिशा

स्वर्णकार कॉलोनी में युवक के साथ मारपीट कर वीडियो बनाने के मामले में पुलिस ने शनिवार को दोनों आरोपी विकास लोधी, पिता गोविंद सिंह लोधी, उम्र 21 वर्ष निवासी दुर्गानगर, गली नंबर 3 और पृथ्वीराज राठौड़, पिता महाराज सिंह राठौड़ उम्र 26 वर्ष निवासी स्वर्णकार कॉलोनी को गिरफ्तार कर प्रमुख मार्गों और चौराहों से पैदल जुलूस निकाला।

इस दौरान आरोपियों से अपराध करना पाप है, पुलिस हमारी बाप है के नारे भी लगवाए गए। पुलिस की इस कार्रवाई को देखने के लिए विभिन्न स्थानों पर लोगों की भीड़ जुटी रही, जबकि पूरे मार्ग पर सुरक्षा व्यवस्था के लिए पर्याप्त पुलिस बल तैनात किया गया था। 22 जुलाई को स्वर्णकार कॉलोनी में एक युवक के साथ बेरहमी से मारपीट की घटना हुई थी। घटना का वीडियो सोशल मीडिया पर वायरल होने के बाद कोतवाली थाना पुलिस ने तत्काल मामला दर्ज कर आरोपियों की तलाश शुरू की। जांच के बाद दोनों आरोपियों को गिरफ्तार कर शनिवार को सार्वजनिक रूप से पैदल जुलूस निकालते हुए शहर के प्रमुख चौराहों से ले जाया गया। पुलिस अधिकारियों ने बताया कि इस कार्रवाई का उद्देश्य कानून व्यवस्था को चुनौती देने वाले असामाजिक तत्वों को कड़ा संदेश देना तथा आम नागरिकों में सुरक्षा और विश्वास की भावना मजबूत करना है। अधिकारियों ने कहा कि कानून हाथ में लेने, गुंडागर्दी करने वालों के खिलाफ इसी प्रकार की सख्त कार्रवाई जारी रहेगी।



**विदिशा।** दोनों आरोपियों का शहर के मुख्य मार्गों से पुलिस ने निकाला जलूस।

# खुले में रखीं करीब दो दर्जन ऐतिहासिक मूर्तियां हो रहीं क्षतिग्रस्त, लघु संग्रहालय बनाने की मांग

हरिभूमि न्यूज ▶▶ ग्यारसपुर

देश के प्रमुख पुरातात्विक स्थलों में शामिल ग्यारसपुर की लगभग दो दर्जन दुर्लभ प्राचीन पत्थर की प्रतिमाएं विश्रामगृह परिसर में खुले में उपेक्षित पड़ी हैं।

भगवान शिव, पार्वती, विष्णु सहित विभिन्न देवी-देवताओं की ये प्रतिमाएं धूल, बारिश और मौसम की मार से धीरे-धीरे क्षतिग्रस्त हो रही हैं। पहले इन्हें जनपद पंचायत परिसर में सुरक्षित रखा गया था, लेकिन कुछ वर्ष पहले विश्रामगृह में स्थानांतरित कर दिया गया। पुरातत्व विभाग की अधिकारी नम्रता यादव ने बताया कि प्रतिमाएं विभाग में पंजीकृत नहीं हैं और वर्तमान में जिला पंचायत के अधीन हैं। कलेक्टर के निर्देश मिलने पर इन्हें सुरक्षित कर जिला संग्रहालय में रखा जा सकता है।

पुरातत्व प्रेमी एवं जनपद सदस्य अनीश खान मंसूरी ने ग्यारसपुर में ही लघु संग्रहालय या सुरक्षित प्रदर्शनी स्थल बनाने की मांग की है, ताकि क्षेत्र की ऐतिहासिक धरोहर संरक्षित रह सके और पर्यटकों को स्थानीय विरासत का अवलोकन यहीं हो सके।



### बॉयज फुटबॉल टूर्नामेंट में खेले गए 10 मुकाबले

# फुटबॉल के रोमांच में कई मुकाबले बराबरी पर छूटे

हरिभूमि न्यूज ▶▶ विदिशा

स्प्रिंगफील्ड वर्ल्ड स्कूल में आयोजित सीबीएसई वेस्ट ज़ोन गर्ल्स फुटबॉल टूर्नामेंट एवं सीबीएसई क्लस्टर-12 बॉयज़ अंडर-14 फुटबॉल टूर्नामेंट के तहत शनिवार को कुल 10 मुकाबले खेले गए। कई मुकाबले बेहद रोमांचक रहे और बराबरी पर समाप्त हुए, जबकि कुछ टीमों ने प्रभावशाली जीत दर्ज कर अगले दौर की दावेदारी मजबूत की। बॉयज़ अंडर-14 वर्ग में पूल-ए के मुकाबले में लिटिल एंजल्स हाई स्कूल, ग्वालियर ने आर्मी पब्लिक स्कूल, भोपाल को 2-1 से हराया। पूल-बी में होली फैमिली कॉन्वेंट स्कूल, भोपाल ने एलएनसीटी वर्ल्ड स्कूल, भोपाल को 1-0 से मात दी। होली फैमिली और द ओरिएंटल स्कूल के बीच मुकाबला 1-1 की बराबरी पर छूटा, जबकि द ओरिएंटल स्कूल और एलएनसीटी वर्ल्ड स्कूल के बीच मैच गोलरहित (0-0) ड्रॉ रहा।गर्ल्स अंडर-19 वर्ग में सेंट माइकल्स हायर सेकेंडरी स्कूल, सतना और सप्रिंगफील्ड वर्ल्ड स्कूल के बीच मुकाबला 0-0 से बराबरी पर समाप्त हुआ। सागर पब्लिक स्कूल गांधी, भोपाल ने सेंट जोसेफ्स कॉन्वेंट स्कूल को 1-0 से हराया, जबकि एलएनसीटी वर्ल्ड स्कूल ने स्प्रिंगफील्ड वर्ल्ड स्कूल को 1-0 से शिकस्त दी। पूल-बी में आर्मी पब्लिक स्कूल, जोधपुर को वॉकओवर के आधार पर विजेता घोषित किया गया।

अंडर-17 वर्ग में आर्मी पब्लिक स्कूल, सागर और ब्रह्मानंद सैनिक स्कूल, गुजरात के बीच मैच 0-0 से ड्रॉ रहा। वहीं पूल-सी में श्री सत्य साईं विद्या विहार ने एसडीपीएस इंटरनेशनल स्कूल को 4-0 से हराकर दिन की सबसे बड़ी जीत दर्ज की। प्रतियोगिता में बढ़ती प्रतिस्पर्धा के बीच खेल प्रेमियों का उत्साह लगातार बना हुआ है। विद्यालय प्रशासन ने सभी टीमों के लिए उत्कृष्ट व्यवस्थाएं सुनिश्चित की हैं।

